# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

Tni आवाज़ | HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज | हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, शनिवार 20 अप्रैल, 2024 | » वर्षः 2 | » अंकः 175 | » पृष्ठः 8 | » मूल्यः 2.00 रू.


## सीएए कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई नई याचिका




**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब मांगा। सीएए को पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया को क्रियान्वित और विनियमित करने के लिए लागू किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील की दलीलों पर गौर किया तथा राज्य सरकार और केंद्रीय गृह एवं विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किए।

### याचिका में क्या कहा गया?

शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि नई याचिका को इस मुद्दे पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ संलग्न किया जाए। इस बेहद विवादास्पद मुद्दे से संबंधित नवीनतम याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से असम में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है। मूल निवासी, जो कभी बहुसंख्यक थे, वे अब अपनी ही धरती पर अल्पसंख्यक हो गए हैं।

### केंद्र से मांगा जवाब

हाल में, पीठ ने सीएए नियमों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र से उन अर्जियों पर जवाब देने को कहा, जिनमें नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का शीर्ष अदालत द्वारा निपटारा किए जाने तक उनके कार्यान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।गोहेन ने अपनी याचिका में कहा कि सीएए नियम, 2024 संविधान का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि वे स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण, एकतरफा, अवैध और संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं। याचिका में बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने का मुद्दा उठाते हुए कहा गया है कि यह कोई सांप्रदायिक मुद्दा नहीं है।

# राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों के 114 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद, 57.87 प्रतिशत हुआ मतदान

**जयपुर**

लोकसभा चुनाव के तहत प्रथम चरण में प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की किस्मत जनता ने ईवीएम में बंद कर दिया है. पहले चरण की सभी सीटों पर मतदान पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ. पहले चरण में 57.87 प्रतिशत मतदान हुआ है. वहीं, अब तक के आंकड़ों के मुताबिक सर्वाधिक मतदान गंगानगर लोकसभा सीट पर हुआ है, जबकि सबसे कम मतदान करौली-धौलपुर सीट पर हुआ है. नागौर, चूरू में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा है. प्रथम चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा, नागौर लोकसभा सीट के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ. मतदान का समय शाम को 6 बजे समाप्त होने के बाद भी अधिकतर लोकसभा सीटों के कई बूथों पर मतदाताओं की कतारें लगी रही. ऐसे में मतदान समाप्त होने से पहले जो मतदाता कतार में लग गए, उन्होंने मताधिकार का प्रयोग किया है. प्रदेश की सभी 12 सीटों पर पूरे दिन उत्साह से चले मतदान के बीच जनता ने 114 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है. सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है. सभी सीटों के परिणाम 4 जून को मतगणना में जारी होंगे. प्रदेश में 12 लोकसभा सीटों पर मतदान का उत्साह हर किसी में नजर आया. सुबह मतदान शुरू होने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर आमजन तक पूरे उत्साह से मतदान केंद्र पर पहुंचे.



### दिन में यूं चढ़ता रहा मतदान का पारा

राजस्थान में 12 लोकसभा सीटों पर मतदान का पारा पोलिंग शुरू होने के साथ ही लगातार चढ़ता रहा. तेज गर्मी के बीच भी सभी सीटों पर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के बाद शुरुआती दो घंटे में प्रदेश में 10.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. वहीं, सुबह 11 बजे 22.51 प्रतिशत मतदान हुआ. दोपहर 1 बजे 33.73 और 3 बजे 41.51 प्रतिशत मतदान हुआ. वहीं, शाम को 5 बजे तक प्रदेश में 50.27 प्रतिशत मतदान हुआ. 5 बजे मतदान के आंकड़ों के मुताबिक गंगानगर में 60.39 प्रतिशत, बीकानेर में 48.87, चूरु में 56.52, झुंझुनू में 44.97 प्रतिशत मतदान हुआ है. वहीं, सीकर में 48.85, जयपुर ग्रामीण में 48.67 प्रतिश, जयपुर शहर में 56.57, अलवर में 53.31, भरतपुर में 45.48 प्रतिशत और करौली-धौलपुर में 42.53 प्रतिशत मतदान हुआ है. वहीं, दौसा लोकसभा सीट पर 45.63 व नागौर में 49.92 प्रतिशत मतदान हुआ है. 12 लोकसभा सीटों में सर्वाधिक मतदान गंगानगर में 60.29 प्रतिशत हुआ है, वहीं, सबसे कम करौली-धौलपुर में 42.53 प्रतिशत मतदान हुआ है.

### कई जगह मतदान का हुआ बहिष्कार

राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के दौरान कई जगह मतदान के बहिष्कार की खबरें भी सामने आई हैं. हालांकि, कुछ जगह समझाइश के बाद ग्रामीणों ने मतदान किया है. सुबह भरतपुर के दो गांवों में मतदान के बहिष्कार की खबर आई थी, जहां समझाइश के बाद ग्रामीणों ने मतदान किया. वहीं, धौलपुर में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया, वहां भी अधिकारी समझाइश करते रहे. इसी प्रकार झुंझुनू के पिलानी की बनगोठड़ी कला में पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया था. यहां शाम को 5 बजे तक एक भी वोट नहीं पड़ा. वहीं, जयपुर ग्रामीण के बस्सी स्थित पालावाला जाटान में भी एक भी वोट नहीं पड़ा. ग्रामीणों ने 10वीं बार मतदान का बहिष्कार किया. यहां मतदान केंद्र पर दिनभर मतदानकर्मी वोटरों का इंतजार करते रहे. ग्रामीणों ने कहा जब तक हमारी मांग नही मानेंगे तब तक मतदान नहीं करेंगे.

### नागौर, चूरू में दो गुट भिड़े

राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर छिटपुट घटनाएं भी देखने को मिली हैं. नागौर में आरएलपी और बीजेपी के समर्थक आपस में भिड़ गए. इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ता तेजपाल मिर्धा पत्थर लगने से घायल हो गए. वहीं, चूरू में बोगस वोट डालने से रोकने पर पोलिंग एजेंट का सिर फोड़ने का मामला सामने आया है.

### इन नेताओं की सीट पर सबकी नजर

प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो चुका है. इस चरण में अलवर में भाजपा के भूपेंद्र यादव, बीकानेर में अर्जुनराम मेघवाल, जयपुर में प्रताप सिंह खाचरियावास, दौसा में मुरारीलाल मीणा, नागौर में ज्योति मिर्धा व हनुमान बेनीवाल, चूरू में राहुल कस्वां व देवेंद्र झाझड़िया, सीकर में सुमेधानंद सरस्वती की साख इस चुनाव में दांव पर लगी है. वहीं, सीएम भजनलाल के गृह जिले भरतपुर पर भी सभी की निगाहें टिकी हुई है.

## पीएम मोदी 21 अप्रैल को आएंगे बांसवाड़ा, भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को करेंगे संबोधित

**डूंगरपुर**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को बांसवाड़ा आएंगे। जहां वे डूंगरपुर-बांसवाड़ा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया के समर्थन में चुनावी सभा के माध्यम से आदिवासियों को साधने का प्रयास करेंगे। पीएम मोदी की चुनावी सभा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी डूंगरपुर पहुंचे। भाजपा कार्यालय में पीएम मोदी की सभा को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी शुक्रवार डूंगरपुर पहुंचे। इस दौरान अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा कार्यालय में बांसवाड़ा में 21 अप्रैल को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा को लेकर बैठक ली। बैठक में बांसवाडा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा, लोकसभा सीट के संयोजक दिनेश भट्ट, प्रदेश मंत्री अनीता कटारा, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश पाटीदार सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अरुण चतुर्वेदी ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को दोपहर 1 बजे बांसवाडा आएंगे। जहां वे भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों से चुनावी सभा की तैयारियों के बारे में चर्चा करते हुए सभा को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा बूथ मैनेजमेंट को लेकर भी चर्चा की और भाजपा को जिताने की अपील की।

## 'कांग्रेस और वाम दल जैसी पार्टियां वैचारिक रूप से दिवालिया, ये दल दिल्ली में साथ, बाहर हैं जुदाः नड्डा

**वायनाड।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में कांग्रेस और वाम दल जैसी पार्टियां 'वैचारिक रूप से दिवालिया' हो गई हैं।



उन्होंने भाजपा का विरोध करने के लिए दिल्ली में सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखते हुए दिल्ली के बाहर एक-दूसरे के साथ अपनी भयंकर चुनावी लड़ाई को जारी रखा है। अपने उम्मीदवार के सुरेंद्रन के लिए सुल्तान बाथेरी में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग द्वारा आयोजित रोड शो के इतर भाजपा प्रमुख ने वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और एलडीएफ के भाकपा के एनी राजा के बीच चुनावी लड़ाई का हवाला दिया। उन्होंने अपने दावे को मजबूत करने के लिए कांग्रेस और वाम दलों के बीच इस लड़ाई की ओर इशारा किया और अन्य जगहों पर प्रतिद्वंद्विता के बावजूद नई दिल्ली में उनके शीर्ष नेतृत्व के बीच स्पष्ट सौहार्द को उजागर किया। नड्डा ने कहा, राहुल गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, माकपा और भाकपा के दोहरे मानदंड और पाखंड यहां दिखाई दे रहे हैं। भाकपा महासचिव डी. राजा की प%ी (एनी राजा) एलडीएफ उम्मीदवार के रूप में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि, दिल्ली में डी. राजा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बीच बैठे हैं, वे वैचारिक रूप से दिवालिया हैं

## हर तीन महीने में थाईलैंड जाते हैं राहुल बाबा, कांग्रेस अल्पसंख्यकों के वोट बैंक से डरती है, हम नहींः शाह

**भोपालगढ़**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी की तुलना करते हुए कहा- राहुल बाबा हर तीन महीने में वैकेशन मनाने थाईलैंड जाते हैं। इतना ही नहीं, शाह ने कांग्रेस के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं स्वीकारने पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा- कांग्रेस अल्पसंख्यकों के वोट बैंक से डरती है, हम नहीं। शाह शुक्रवार शाम पाली लोकसभा क्षेत्र के भोपालगढ़ (जोधपुर) में थे। यहां उन्होंने नाड़सर रोड पर रातियों की ढाणी के पास स्थित श्री परसराम मदेरणा राजकीय पीजी कॉलेज में चुनावी सभा को संबोधित किया। पाली लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। जनसभा में शाह ने कहा- पाली टैक्सटाइल के लिए मशहूर है। बाजार में जब आप कपड़ा लेने जाते हैं तो कपड़े को ढंग से देखते हैं। प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रत्याशी को ढंग से देखकर वोट डालना है। एक तरफ 23 साल से बिना छुट्टी लिए भारत माता की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। दूसरी तरफ हर तीन महीने में थाईलैंड में वैकेशन करने वाले राहुल बाबा हैं। उन्होंने कहा- मुझे एयरपोर्ट पर बताया गया कि गर्मी का ग्राफ बहुत ऊपर जा रहा है। मैंने एयरपोर्ट ऑफिसर को कहा- जितना गर्मी का ग्राफ ऊपर जाएगा, उतनी ही भाजपा की सीटों का ग्राफ भी बढ़ेगा। चुनाव के पहले चरण में बंपर वोटिंग हुई है शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा- कांग्रेस पार्टी को निमंत्रण मिला, लेकिन कांग्रेस राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आई। ये अल्पसंख्यकों के वोट बैंक से डरते हैं




### आपके सामने दो ऑप्शन हैं

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- पिछले चुनाव में आपने 303 सीट दी थी। इस बार मोदी जी ने 400 पार की बात कही है। भोपालगढ़ के लोगों के सामने दो ऑप्शन हैं। एक तरफ 55 साल और 4 पीढ़ी राज करने वाला गांधी परिवार है। दूसरी तरफ करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। एक ओर 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले करने वाली कांग्रेस पार्टी है। दूसरी ओर 23 साल में जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, ऐसे नरेंद्र मोदी हैं। एक ओर दशकों तक 'गरीबी हटाओ' का नारा देकर सत्ता का सुख भोगने वाली राहुल बाबा एंड कंपनी है। दूसरी ओर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने वाले नरेंद्र मोदी हैं। एक ओर आतंकवाद और नक्सलवाद को चरम सीमा पर पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी है। दूसरी तरफ आतंकवाद को खत्म करने वाले नरेंद्र मोदी हैं। देश की जनता ने बहुत अच्छे तरीके से तय किया है कि इस बार कोई गलती नहीं करनी है। अमित शाह ने कहा- मुझसे पूछते हैं कि 400 पार क्यों करना है। मैं बताता हूं। चाहे एससी हो, एसटी हो, ओबीसी हो, आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक नरेंद्र मोदी हैं। कांग्रेस पार्टी कहती है 400 पार क्यों चाहिए। आपने 300 पार कराया, हमने आर्टिकल 370 को समाप्त कर दिया। भारत के अर्थतंत्र को 5वें नंबर का अर्थतंत्र बनाया। सेना के जवानों को 'वन रैंक, वन पेंशन' दी। ट्रिपल तलाक खत्म किया। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने काम किया। सीएए, यूसीसी लेकर आए। रामलला का भव्य मंदिर अयोध्या में बना।

## भाजपा के 'चार सौ पार' पर मल्लिकार्जुन खरगे का कटाक्ष, कहा- यह संविधान बदलने के लिए चाहते हैं बहुमत



**कटिहार/किशनगंज**

बिहार के कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह 'अबकी बार, चार सौ पार' की बात इसलिए कह रहे हैं कि इन्हें बहुमत दिया, दो तिहाई मेजोरिटी दी तो यह संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि संविधान को बदलने के लिए और कांग्रेस चाहती हैं कि जनता के दुःख-दर्द को खत्म करने के लिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज हर कोई डरा हुआ है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाकर इन्होंने आज कितने लोगों को अपनी तरफ ले लिया है। किसी को पैसे से, किसी को डरा कर के, किसी को धमका कर के, किसी को खरीदा, किसी को तोड़ा-फोड़ा, इन लोगों ने तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि तेजस्वी यादव बोलते रहते हैं कि हमारा चाचा भाग गया। लेकिन मैं कहता हूं कि जो भाग गया तो उसे भागने दो, उसे पकड़कर मत लाओ। उसके (भागने वाले के) पास कोई आइडियोलॉजी नहीं, कोई विचार नहीं। वह एक को ही बेवकूफ बना सकते हैं, लेकिन दुनिया को बेवकूफ नहीं बना सकते। इससे पहले मल्लिकाजुर्न खरगे अपने एक दिवसीय दौरे के तहत आज किशनगंज पहुंचे। जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बहादुरगंज के लोहागाड़ा स्थित मैदान में एक बड़े जनसभा को संबोधित किए हैं। जहां उन्होंने विपक्षियों पर तंज किया। वहीं, कांग्रेस के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर और फूल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, कांग्रेस सांसद तथा प्रत्याशी डॉ. जावेद आजाद, बहादुरगंज पूर्व विधायक तौसीफ आलम, किशनगंज विधायक इजहारुल हुसैन, बहादुरगंज के राजद विधायक अंजार नईमी और जिला अध्यक्ष ईमाम अली चिंटू सहित पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान सांसद डॉ. जावेद आजाद ने कहा कि हमें भाजपा वालों को हटाना है। हमें देश के संविधान बचाने वालों को लाना है। मैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद जताता हूं, जो हमारे बीच वे आए हैं। वहीं, मल्लिकाजुर्न खरगे ने अपने संबोधन में भाजपा और विपक्षियों पर जमकर तंज कसा। उन्होंने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस के दामों की बढ़ोतरी को लेकर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि देश की सत्ता अदानी और अंबानी के हाथों में दे दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि क्या सब के खातों में 15-15 लाख रुपये मिले। उन्होंने आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि चाचा अब बूढ़े हो गए हैं। जो एक बार गए हैं, उन्हें जाने दो अब दोबारा मत बुलाओ।

## कांग्रेस ने मेनिफेस्टो में जो बातें कही, पार्टी उन पर काम करेगीः पायलट

**सवाई माधोपुर**

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने चौथ का बरवाड़ा कस्बे में स्थित मेला मैदान में शुक्रवार को टोंक सवाई माधोपुर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में बड़ी सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने मेनिफेस्टो में जो बातें की गई है। उन पर पार्टी काम करेगी। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर लोगों को आपस में लड़वाने तथा विकास के मुद्दे पर भड़काने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर होगा। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट दोपहर 1:00 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल खेल मैदान में बने हेलीपैड पर उतरे। यहां कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा, खंडार के पूर्व विधायक अशोक बैरवा, सवाई माधोपुर पूर्व विधायक दानिश अबरार, ब्लॉक अध्यक्ष विमल कुमार मीणा आदि ने स्वागत किया। इसके बाद सचिन पायलट ने खुद हरीश मीणा के लिए कार चलाई तथा मुख्य बाजार में रोड शो किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए नजर आए। इसके बाद मेला मैदान में आयोजित सभा में उन्होंने गरीब, मजदूर,



नौजवान, चिकित्सा आदि के मुद्दे पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा ने कहा कि चुनाव में जीतने के बाद वह क्षेत्र में रहकर जनता की सेवा करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक बैरवा एवं दानिश अबरार ने लोगों से कांग्रेस पार्टी को वोट दिए जाने का आग्रह किया।

### खेड़ली में कांग्रेस के लिए मांगा समर्थन

कांग्रेस नेता सचिन पायलट शुक्रवार को बामनवास दौरे पर रहे। जहां पायलट ने खेड़ली गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान पायलट ने भाजपा पर तीखे वार किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा के बड़े नेताओं को आरक्षण को लेकर सफाई देनी पड़ रही है। जबकि कांग्रेस के किसी भी कांग्रेस नेता ने आज तक आरक्षण को लेकर कोई बात नहीं कही। 10 सालों में भाजपा सरकार ने किसानों के खिलाफ कानून पास किए। नोटबंदी लागू की और जीएसटी लागू की। जिससे सभी वर्ग के लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए सचिन पायलट ने कहा कि लोकतंत्र के विरुद्ध जाकर मुख्यमंत्रियों को चुनाव के पहले जेल में डालना शर्मनाक है। सचिन पायलट ने भाजपा पर निर्वाचन आयोग, न्यायपालिका व मीडिया को भी कमजोर करने का आरोप लगाया। पायलट ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को जिंदा रखने के लिए मजबूत विपक्ष भी आवश्यक है। लेकिन भाजपा विपक्ष को हमेशा कमजोर कर देना चाहती है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बामनवास विधानसभा क्षेत्र से विशेष लगाव होने की बात कही। साथ ही पायलट ने मर्यादित भाषा शैली को लोकतंत्र के लिए आवश्यक बताया। सचिन पायलट ने कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम को बामनवास विधायक इंदिरा मीणा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने एक ग्रामीण के घर भोजन भी किया। पायलट के भाषण के दौरान स्थानीय लोगों में खाता उत्साह देखने को मिला। वहीं पायलट के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी संतराम,एसएचओ हेमेंद्र के नेतृत्व में माकूल इंतजाम किए गए।

# नदबई में शांतिपूर्ण तरीके से 49.61 प्रतिशत मतदान





राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण दौरान नदबई विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से करीब 49.61 प्रतिशत मतदान हुआ। विभागीय सूत्रों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में नूरपुर के मतदान केन्द्र पर सबसे अधिक 73.53 प्रतिशत व सबसे कम जहांगीरपुर के मतदान केन्द्र पर 29.55 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान दौरान गांव अखैगढ़ निवासी नव-विवाहिता शशी ने शादी से पहले मतदान को प्राथमिकता देते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदान किया तो अलग-अलग मतदान केन्द्र पर नवीन मतदाताओं ने मतदान कर अपनी भूमिका निभाई। बैलारा के मतदान केन्द्र पर कपिलेश अवस्थी ने पहली बार मतदान किया। बाद में बीएलओ ने नवीन मतदाताओं का उत्साह बढाते हुए प्रमाण पत्र सौपा। उधर, मतदान को लेकर मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे।

## मुख्यमंत्री के पिता ने किया मतदान

प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा ने पैतृक गांव अटारी के राजकीय विद्यालय में स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया। मुख्यमंत्री के पिता की सादगी नजर आई। जब मतदाताओं की कतार में लगे रहे। वही, अपना नम्बर आने पर ही मतदान किया। बाद में मुख्यमंत्री के पिता ने केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने व प्रदेश में 25 लोकसभा सीट पर भाजपा विजयी होने के बारे में बताया।

वोट देने बच्चे को गोद में लेकर दौड़ी महिला

## शादी के लाल जोड़े में पहुंची दुल्हन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह नजर आया। वोटिंग के दौरान राजधानी के साथ कई ग्रामीण इलाकों में अलग-अलग नजारे देखने को मिले। हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य वोट देने के लिए गलत बूथ पर पहुंच गए। यहां वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिला तो दूसरे बूथ पर जाकर वोट दिया। कोई अपने फेरों के बाद अपनी दुल्हन के साथ वोट देने के लिए बूथ पर पहुंचा तो किसी ने शादी के बाद की रस्मों के बीच समय निकालकर वोट दिया। इस दौरान कुछ मतदाता ऐसे भी थे, जो ज्यादा उम्र के कारण चल नहीं पाते हैं, लेकिन अपने परिजनों के साथ पहुंचकर वोट दिया। बॉलीवुड सिंगर धोती-कुर्ता और साफा पहनकर वोट देने पहुंचे। पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं में भी उत्साह नजर आया। वोटिंग खत्म होने से कुछ मिनट पहले एक महिला दौड़ते हुए वोट देने के लिए पहुंची।

लोकसभा चुनाव 2024

## डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने जयपुर शहर लोकसभा में डाला वोट, चुनाव व्यवस्था में लगे कर्मचारियों की तारीफ की



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण के तहत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को धर्मपत्नी श्रीमती अनीता साहू के साथ जयपुर शहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान किया। साहू ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दार बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

डीजीपी ने इस अवसर पर प्रदेश के सभी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन विभाग के लाखों कर्मचारी कई महीनों से इस व्यवस्था में लगे हैं कि सभी मतदाता भयमुक्त वातावरण में बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें। ऐसे में सभी मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यक रूप से मतदान करें।



हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य वोट देने के लिए गलत बूथ पर पहुंच गए। यहां वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिला तो दूसरे बूथ पर जाकर वोट दिया।




सिविल लाइंस विधानसभा से भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने डीसीएम के लिटिल विंग्स स्कूल में बने बूथ पर जाकर मतदान किया।

लोकसभा चुनाव 2024

## अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सपरिवार किया मतदान, लोगों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की



राजस्थान की राजनीति

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सपरिवार मतदान किया। सिंह प्रातः 11-30 बजे गांधीनगर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्र पर पहुंची। उन्होंने अपनी बारी आने पर मतदान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की।

## वोट देने बच्चे को गोद में लेकर दौड़ी महिलाः शादी के लाल जोड़े में पहुंची दुल्हन



राजस्थान की राजनीति


**जयपुर।** जयपुर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह नजर आया। वोटिंग के दौरान राजधानी के साथ कई ग्रामीण इलाकों में अलग-अलग नजारे देखने को मिले। हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य वोट देने के लिए गलत बूथ पर पहुंच गए। यहां वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिला तो दूसरे बूथ पर जाकर वोट दिया। कोई अपने फेरों के बाद अपनी दुल्हन के साथ वोट देने के लिए बूथ पर पहुंचा तो किसी ने शादी के बाद की रस्मों के बीच समय निकालकर वोट दिया। इस दौरान कुछ मतदाता ऐसे भी थे, जो ज्यादा उम्र के कारण चल नहीं पाते हैं, लेकिन अपने परिजनों के साथ पहुंचकर वोट दिया। बॉलीवुड सिंगर धोती-कुर्ता और साफा पहनकर वोट देने पहुंचे। पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं में भी उत्साह नजर आया। वोटिंग खत्म होने से कुछ मिनट पहले एक महिला दौड़ते हुए वोट देने के लिए पहुंची।


लोकतंत्र के पर्व में उत्साह से लिया भाग

# बुजुर्ग और दिव्यांग बोले- वोट डालना हर नागरिक की जिम्मेदारी, बताए अपने मुद्दे



राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को वोटिंग हुई। जयपुर शहर सीट के लिए जयपुर स्थित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग वोट देकर किया। मतदाता अपने मुद्दों को लेकर भी सजग नजर आए। संजय नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मतदाता अपने मुद्दों को लेकर मुखर नजर आए। मतदान करने शाम को पहुंचे बुजुर्ग सुनील कुमार सैन ने बताया कि वह अस्वस्थ होने के बावजूद भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने आए हैं। उनके परिजन उनको मतदान करवाने के लिए मतदान केंद्र पर लेकर आए।वहीं सुरेश कुमार वर्मा ने मुद्दों की बात करने पर बताया कि वह महंगाई से परेशान है और महंगाई के मुद्दे पर उन्होंने अपना वोट डाला है। महंगाई की वजह से उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बूथ पर वोटिंग करने आए गणेश लाल वर्मा ने बताया कि उनका मुद्दा भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी है। इसी को मध्य नजर रखते हुए, वह इस बार मतदान कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधि महंगाई,भ्रष्टाचार को कम और बेरोजगारी दूर करे और अच्छी शिक्षा को बढ़ावा दे। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विस्तार किया जाए। वहीं युवा मने बताया कि वह भी महंगाई और बेरोजगारी को लेकर के मतदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार गरीबों पर पड़ रही है, वह इस बार महंगाई कम करने वाली सरकार को चुनना चाहते हैं। दिव्यांग वोटर नंद किशोर चाहते हैं कि दिव्यांगों की सुविधाओं को सरकार बढ़ाए, उनकी पेंशन राशि में भी बढ़ोतरी करें ताकि जीवन-यापन आसानी से हो सके।

डॉ. सतीश पूनियां ने परिवार के साथ किया मतदान

## बोले- मैंने जब बटन दबाया तो ईवीएम से एक किस्म की विक्ट्री की प्रतिध्वनि आई



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी और भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर में रानी सती नगर स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल में धर्मपत्नी मोहिनी पूनिया, सुपुत्र महीप पूनिया के साथ मतदान किया। सतीश पूनियां ने मतदान कर मीडिया से बातचीत में कहा कि देशभर में भाजपा-एनडीए 400 पार, भाजपा 370 और राजस्थान में सभी 25 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी, नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बोले- मैंने जब बटन दबाया तो ईवीएम की जो आवाज थी वह एक किस्म की विक्ट्री की प्रतिध्वनि थी। इसलिए जो माहौल है देश का वह भरोसे का है, भविष्य का है, राजस्थान और हिंदुस्तान की जनता ने मैंडेट तय कर दिया, इसका कारण है कि सब लोगों को एक स्थाई सरकार चाहिए, एक विजनरी सरकार चाहिए। जिसने परफॉर्म किया वह सरकार चाहिए, इस पैरामीटर पर मोदी सरकार ने बेहतरीन काम किया है, लोगों की इच्छा है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करें। मतदान कर सतीश पूनियां ने दोपहर में जयपुर से हेलीकॉप्टर से भीनमाल (जालोर-सिरोही लोकसभा) के लिए प्रस्थान किया, जहां 21 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के समर्थन में भीनमाल में आमसभा को संबोधित करेंगे। सतीश पूनियां तीन दिन जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे, दो दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं, मातृशक्ति के साथ संवाद करेंगे और 21 अप्रैल को भीनमाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सतीश पूनियां आमसभा में रहेंगे। 22 अप्रैल को पूनियां बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सपरिवार किया मतदान

## सेल्फी पॉइंट पर लाइफ पार्टनर के साथ ली सेल्फी; मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने भी डाला वोट



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शुक्रवार को जयपुर के सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में सुबह 7 बजे परिवार सहित मतदान किया। मुख्य सचिव ने पंक्ति में लगकर अपनी बारी आने पर वोट दिया। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गांधी नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 53 पहुंचकर मतदान किया।

लोकसभा चुनाव 2024

## राज्यपाल मिश्र बोले- मतदान लोकतंत्र का पावन पर्व, मतदान से ही लोकतंत्र होता है मजबूत



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना मतदान किया। राज्यपाल मतदान के लिए सी स्कीम, सरदार पटेल मार्ग स्थित महात्मा गांधी राजकीय आवासीय विद्यालय मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने वहां अपना मतदान किया। राज्यपाल मिश्र ने बाद में कहा कि मतदान भारत के हर पात्र नागरिक का संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्तव्य है। इसी से लोकतंत्र सशक्त होता है। उन्होंने संविधान की उद्देशिका के प्रारंभ ÷हम भारत के लोग÷ की चर्चा करते हुए कहा कि भारत का अर्थ ही हम सबसे है। लोकतंत्र में जनता और उसका मत ही प्रमुख है। उन्होंने स्वयं और दूसरों को प्रेरित कर मतदान के लिए जागरूक किए जाने का आह्वान किया। मिश्र ने कहा कि मतदान दिवस लोकतंत्र का पावन पर्व है। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

# वोटर बोलें- मतदान हमारी जिम्मेदारीः जो ना दें सके वोट वह हुए मायूस; मिलकर मनाया लोकतंत्र का पर्व



राजस्थान की राजनीति














**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए जयपुर शहर सीट के लिए जयपुर स्थित मतदान केंद्रों पर इस बार कोई खास भीड़ नजर नहीं आई। हालांकि जिम्मेदार मतदाताओं ने अपनी व्यस्तता के बावजूद भी मतदान किया। ऐसे में कई लोग तो ऐसे भी थे जिनके पांव में प्लास्टर बंधा था लेकिन इसके बावजूद भी वोट डालने पहुंचे। हालांकि कुछ ऐसे भी रहे जो मतदान के लिए मतदान केंद्र तो पहुंचे लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण मतदान नहीं कर पाएं। दोपहर बाद जब आदर्श नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पहुंचे तो वोट डालकर आए भुवनेश गुप्ता से मुलाकात हुई। भुवनेश ने बताया कि साढ़े पांच महीने पहले उनका एक्सीडेंट हो गया था। जिसके कारण वह बीते विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं कर पाए थे, जिसका उनको मलाल है। हालांकि तमाम परेशानियों के बावजूद भुवनेश इस बार अपनी बेटी के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान करने पहुंचे है। वहीं आदर्श नगर निवासी रेखा सचदेवा बोली की जनता के लिए सरकार अच्छी आनी चाहिए। उसके लिए मतदान करना जरूरी है। सुक्रित ने कहा कि वोट कास्ट करना हमारी जिम्मेदारी है, भारत लोकतांत्रिक देश है ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें। वहीं आदर्श नगर से मतदान के लिए पहुंची नेहा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान उसका मतदाता सूची में नाम था । लेकिन लोकसभा चुनाव में उसका मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण वह मतदान से वंचित रह गई है। मतदान नहीं करने के कारण नेहा निराश नजर आई।

# लूट गैंग का पर्दाफाश, 3 बदमाश गिरफ्तार: युवक की आंखों में मिर्च डालकर किडनैप कर की थी लूट

**टोंक**

टोंक के देवली थाना क्षेत्र के राजमहल के पास गत दिनों बाइक सवार मेडिकल संचालक से लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गैंग के सरगना राजकुमार के खिलाफ पहले भी इसी तरह के मामले दर्ज हैं। एसपी संजीव नैन ने बताया कि राजमहल निवासी जितेन्द्र पाराशर 29 मार्च की देर शाम बाइक से केकड़ी से अपने गांव राजमहल जा रहा था। इस दौरान बीसलपुर से राजमहल के बीच सुनसान रास्ते पर अज्ञात कार सवारों ने जितेन्द्र पाराशर की बाइक को कार से पीछे से टक्कर मारकर गिरा दिया। उसे इलाज के बहाने अपनी कार में डाल कर आंखों में लाल मिर्ची पाउडर डाल फेंक दिया और मारपीट कर चाकू की नोंक पर जेब में रखे पैसे, एटीएम, क्रेडिट कार्ड व पहने हुए सोने के आभूषण लूट कर ले गये। भागते समय उसे मारपीट कर लहूलुहान हालत में बारला पुलिया के चौराहे पर छोड़ कर चले गये। घायल को एक घंटा बाद होश आया तो फिर 1 किमी चलकर पास के गांव में लोगों से मदद मांगी। लोगों ने उसे देवली अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### *लग्जरी लाइफ पूरा करने के लिए की लूट*

*आरोपी लग्जरी लाइफ जीने के शौकीन थे। इसकी पूर्ति के लिए उन्हें पैसों की जरूरत थी। वारदात के दिन 29 मार्च को तीनों कार से टोडाराय सिंह की तरफ खाने के प्रोग्राम में शामिल होने के लिये गए थे। शाम को खाना खाने के बाद वे टोंक के लिए रवाना हुए। इस दौरान लूट गैंग सरगना राजकुमार मीणा ने लूट का प्लान बनाया। फिर वे बीसलपुर से राजमहल के रास्ते पर सुनसान रोड की ओर बढ़े। वे सुनसान जगह पर किसी के आने का इंतजार करने लगे। इसी बीच देर शाम को मेडिकल संचालक बाइक से राजमहल की ओर आ रहा था। फिर लुटेरों ने कार उसके पीछे लगा दी और सुनसान रोड पर पीछे से टक्कर मार दी और लूट की।*

### *17 हजार नगद समेत अन्य सामान लूटे थे*

*आरोपियों ने फरियादी से मारपीट कर व चाकू की नोक पर 17 हजार रुपए, सोने की चेन, अंगूठी, मोबाइल, 4 एटीएम कार्ड लूट लिए। ये ही नहीं आरोपियों ने उसके परिजनों से 10 लाख रुपए की फिरौती भी मांगी थी। हालांकि फिर आरोपी उसे लुटकर पटक कर भाग छूटे थे।*

### चौथे आरोपी की तलाश जारी

एसपी नैन ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए मालपुरा राम कुमार कस्वां के मार्गदर्शन और देवली राम सिंह चौधरी के सुपरविजन में देवली थाना प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम में जिला साइबर सेल कॉन्स्टेबल राजेश गुर्जर, राजेश शर्मा और देवली थाना पुलिस को भी शामिल किया गया। टीम ने तकनीकी और मुखबिर की मदद से संदिग्धों से पूछताछ की। इस दौरान 3 आरोपियों ने इस लूट, अपहरण करने की वारदात करना कबूल कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपी दिलखुश गुर्जर निवासी बनेठा, राजकुमार उर्फ पिन्टू निवासी श्रीनगर थाना नगरफोर्ट, गोर्वधन उर्फ गोधा को गिरफ्तार कर लिया है। लूट की इस वारदात में 4 आरोपी है। चौथा आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## दाल-रोटी खाकर बिगड़ी पांच लोगों की तबीयत, एक की मौत



**भीलवाड़ा**

घर की बनी दाल-रोटी खाने से गुरुवार को परिवार के पांच सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। पांचों पड़ोसी के निजी वाहन से अस्पताल पहुंचे, जहां आज सुबह एक महिला की मौत हो गई। मामला भीलवाड़ा के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के महलों का मानपुरा गांव का है। पुलिस ने मृतका महिला के शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने बताया- मदन सिंह(44) पिता रणजीत सिंह अपने परिवार के साथ गांव के बाहर खेत में बने घर में रहता है। गुरुवार की सुबह घर में उसकी प%ी पुष्पा कंवर (40) ने काली उड़द की दाल और रोटी बनाई थी। जिसे उनके साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों में शामिल दिलीप सिंह(16) पिता मदन सिंह, नंद भंवर कंवर(19) पिता मदन सिंह और शंभू सिंह(29) पिता किशन सिंह ने खाया। उसके करीब दो-ढाई घंटे बाद ही पांचों की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य पड़ोसी की गाड़ी में काछोला हॉस्पिटल पहुंचे। यहां इन सभी की हालत में कोई सुधार नहीं होने के बाद इन्हें भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में पुष्पा कंवर ने आज सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि अन्य सदस्यों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपकर जांच शुरू कर दी। डॉक्टरों का कहना है कि अब परिवार के अन्य सदस्यों की हालत खतरे से बाहर है।

## पाली में युवक की पीट-पीट कर हत्या, रंजिश के चलते लाठियों से पीटा




**पाली**

आपसी रंजिश के चलते कुछ युवकों ने अकेला देख एक युवक पर लाठियों से हमला कर दिया। और इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। मृतक की बॉडी चामुंडेरी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई गई है। नाना थाने के हेड कांस्टेबल राजेन्द्रसिंह ने बताया कि घटना पाली जिले के नाना थाना क्षेत्र के ऊपला भीमाणा में शुक्रवार शाम को हुई। ऊपला भीमाणा निवासी 30 साल के रूपाराम पुत्र भीमाराम गरासिया अपनी साली को गेंहू देने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे कुछ युवक मिले। जिन्होंने पुरानी रंजिश के चलते उसे अकेला देख हमला कर दिया। लाठियों से उसे इतना पीटा की गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अधमरा छोड़कर आरोपी फरार हो गए। परिजनों को सूचना मिले तो वे उसे सुमेरपुर हॉस्पिटल ले गए। जहां इलाज के दौरान देर रात को उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार सुबह मृतक की बॉडी पुलिस ने चामुंडेरी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई। घटना को लेकर मृतक की प%ी ने रंजिश के चलते उसके पति की हत्या करने की रिपोर्ट दी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## बासनी की कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग, कपड़े के थान, फ्रेमें जलकर हुई राख



**जोधपुर**

बासनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर अचानक से आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखा कपड़ा व सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने के बाद बासनी फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आज से फैक्ट्री में रखा कपड़ा और कपड़ा प्रिंट करने की फ्रेम सहित अन्य सामान चलकर राख हो गया। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर 2 बजे के करीब आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बासनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित मनु फैशन नाम की फैक्ट्री में आग लगी। इस दौरान यहां श्रमिक काम कर रहे थे वह कुछ संभल पाते उससे पहले फैक्ट्री के बाहर रखी कपड़ा प्रिंट करने के फ्रेम में आग विकराल होने लगी। आग फैक्ट्री में रखे कपड़े के थान तक पहुंच गई। सूचना मिलने के बाद बासनी फायर ब्रिगेड ऑफिस से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। इस दौरान एक श्रमिक फैक्ट्री के अंदर रह गया जिसे बासनी थाने के उप निरीक्षक सुरेश कुमार के साथ टीम के हेड कांस्टेबल स्वरूप राम और कांस्टेबल राकेश ने श्रमिक गुमानाराम को जलती हुई आग से रेस्क्यू कर एम्स अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## पाली में सड़क हादसे में मामा-भांजा की मौत

**पाली**

पाली में तेज रफ्तार पिकअप ड्राइवर ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार मामा-भांजी की सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई और पास में खड़ी महिला और उसकी बच्ची घायल हो गई। मृतकों के शव पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में रखवाए वही घायलों का सुमेरपुर में इलाज जारी है। हादसा गुरुवार शाम को पाली के गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र के पेणावा के निकट हुआ। जिसमें बाइस सवार जालोर जिले के चवरड़ा गांव (आहोर) निवासी 30 साल के मंगलसिंह पुत्र नाथूसिंह राजपूत और उसका 6 साल के भांजे देवेन्द्रसिंह पुत्र नरपतसिंह राजपूत की सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक के पास खड़ी मृतक मंगलसिंह की 26 साल की पत्नी भारती कंवर और उसकी बेटी 3 साल की बेटी पूनम घायल हो गई।

## बहन को ससुराल छोड़ने जा रहे भाई की दर्दनाक मौत, तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर

**पाली**



पाली में गुरुवार की शाम बहन को ससुराल छोड़ने जा रहे भाई और उसके दोस्त की बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार उछलकर दूर गिरे, जिसमें बहन गंभीर घायल हो गई। वहीं भाई और उसके दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। जेतपुरा एसएचओ राजेन्द्र सिंह ने बताया- हादसा गुरुवार को भांवरी गांव के निकट हुआ। तेज रफ्तार पिकअप चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उमकली (कुलथाणा) निवासी पंकज(20) पुत्र महेन्द्र दमामी और उसका 20 साल का दोस्त कैलाश पुत्र भीकाराम सरगरा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में डिंपल(22) पुत्री महेन्द्र दमामी घायल हो गई, जिसका इलाज बांगड़ हॉस्पिटल में जारी है। मृतक के रिश्तेदार रतन उदेश ने बताया- डिंपल का ससुराल धनला गांव है। उमकली गांव से धनला के लिए बस नहीं है। इसके कारण डिंपल का छोटा भाई पंकज और उसका दोस्त कैलाश उसे बाइक पर बिठाकर उसे पाली के लिए धनला की बस में बिठाने के लिए आ रहे थे। लेकिन बीच रास्ते भांवरी गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों ने बताया- मृतक पंकज दमामी और कैलाश सरगरा दोनों एक ही गांव के थे। दोनों गहरे दोस्त थे। दोनों ही 11वीं कक्षा में पढ़ते थे। बहन को पाली छोड़ने के लिए जाते समय पंकज अपने दोस्त कैलाश को भी साथ ले गया, जिससे वापसी में दोनों साथ आ सके। हालांकि हादसे में दोनों के सिर में गहरी चोट आई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठी डिंपल के कंधे, गर्दन और पैरों में चोटे आई, जिसका बांगड़ अस्पताल में इलाज जारी है।

## मतदान बहिष्कार की लोगों ने दी चेतावनी, समस्याओं को लेकर फूटा गुस्सा, जमकर किया प्रदर्शन

**टोंक**



टोंक जिले के लांबाहरिसिंह क्षेत्र के बाघपुरा गांव के लोगों ने लोकसभा चुनाव के मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी है। साथ ही गांव की कई समस्याओं को लेकर प्रदर्शन भी किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन जहां शत प्रतिशत मतदान के लिए जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं कई समस्याओं से परेशान कई ग्रामीण चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दे रहे है। बाघपुरा के लोगों ने गांव की कई समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही चुनाव के मतदान बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि देवल मोड से बाघपुरा गांव तक 3.50 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण, मुक्तिधाम मार्ग पर 4 साल से क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण, बाघपुरा से बागड़ी 6 किलोमीटर डामरीकरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी है। इसका ज्ञापन कलेक्टर के नाम ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघपुरा गांव में करीब 750 परिवारों में 1300 मतदाता है। इसके बावजूद इस गांव में काफी समस्याएं बनी हुई है। इन्हे दूर करने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे परेशान होकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव में ही विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' के नारे लगाए। इस दौरान ग्रामीण कालूराम जाट, पुखराज जाट, रामस्वरूप जाट, रामपुर जाट, बैरम जाट, हनुमान बैरवा, राधेश्याम, हरलाल गुर्जर, कालूराम जाट, पुखराज जाट, शिवप्रसाद चौधरी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि समस्या समाधान के लिए ग्राम पंचायत पीडब्ल्यूडी विभाग को कई बार अवगत कराया?, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ।

## नागौर में मिर्धा-बेनीवाल समर्थक उलझेःतेजपाल मिर्धा का सिर फूटा, चूरू में स्टूल फेंककर बूथ एजेंट पर हमला

**नागौर**



देश में लोकतंत्र के उत्सव की शुरूआत हो चुकी है जहां 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग जारी है. वहीं राजस्थान में पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों के लिए मतदान चल रहा है जहां चुनाव आयोग के मुताबिक राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर दोपहर 1 बजे तक 33.73 फीसदी वोटिंग हो गई है. वहीं वोटिंग के बाद लगातार नेताओं के बयानबाजी का दौर चल रहा है जहां बीजेपी के नेता 25 सीट जीतने का दावा कर रहे हैं तो वहीं कांग्रेस वाले कड़ी चुनौती देने का जोर भर रहे हैं. वहीं कुछ मतदान केंद्रों पर छुटपुट असामाजिक तत्वों की घटनाएं भी सामने आ रही है जहां नागौर के मूण्डवा के कुचेरा में मतदान के दौरान दो पक्षों में आपस में झड़प हो गई जिसके बाद कुचेरा नगरपालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा के सिर में चोट लगी. वहीं चूरू विधानसभा के आसलखेड़ी पंचायत के गांव रामपुरा रेणु गांव में कांग्रेस के पोलिंग एजेंट पर स्टूल से हमला किया गया जिसके बाद उनके सिर में चोट लगी है. जानकारी के मुताबिक नागौर के कुचेरा कस्बे में बीजेपी और आरएलपी प्रत्याशी के समर्थकों में झड़प हो गई जहां कुचेरा नगरपालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा के सिर में चोट आई है. बताया जा रहा है कि आरएलपी और बीजेपी प्रत्याशी के समर्थकों के बीच झड़प होने पर तेजपाल मिर्धा बीच-बचाव करने गए थे जिस दौरान उनके सिर में चोट लगी. वहीं इस मामले पर नागौर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हनुमान बांगड़ा का कहना है कि तेजपाल मिर्धा जिन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है वो आज हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व वाले भारतीय गठबंधन का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यकर्ताओं और मतदान केंद्र एजेंटों को डराने का प्रयास कर रहे थे लेकिन भारतीय गठबंधन के कार्यकर्ता और एजेंट दृढ़ रहे, धमकी की रणनीति के आगे झुकने से इनकार कर दिया.

### चूरू में फर्जी मतदान पर घमासान!

इधर चूरू में लोकसभा चुनाव में फर्जी मतदान रोकने की बात को लेकर सादुलपुर के गांव रामपुर रेणु के बूथ संख्या 36 पर बूथ एजेंट विजेंद्र जाखड़ (47) के सिर पर टेबल से हमला करने का मामला सामने आया है. विजेंद्र के मुताबिक नरपत सिंह और नाहर सिंह ने उसके साथ फर्जी मतदान की बात को लेकर मारपीट की है जिसके बाद पीड़ित ने भालेरी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है और उसका इलाज डीबी अस्पताल में चल रहा है. इस मामले पर चूरू से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां ने कहा कि ये हरकत लोकतांत्रिक व्यवस्था में कतई स्वीकार्य नहीं है और दो दिन से धमकी दिए जाने पर स्थानीय प्रशासन को अवगत भी करवाया गया, लेकिन प्रशासन का रवैया संवेदनहीन रहा. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ऐसे सामंती सोच के असामाजिक तत्वों पर यथाशीघ्र ठोस कार्यवाही करे.

## जेल में बंद आसाराम को हाईकोर्ट से राहत, इलाज के लिए फिर भेजा जाएगा निजी आयुर्वेद अस्पताल

### पुलिस को कहा- गोपनीयता पर असर न पड़े

**जोधपुर**



जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के बाद आसाराम को निजी आयुर्वेद अस्पताल में इलाज के लिए 7 से 10 दिन की और मोहलत दी। आसाराम को आज सुबह अस्पताल में भर्ती होना था। लेकिन, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के कारण पुलिस जाब्ता कम होने से भर्ती नहीं किया गया। दरअसल, आसाराम को 21 मार्च को जोधपुर के निजी आयुर्वेद अस्पताल में इलाज की अनुमति मिली थी। 25 मार्च को आसाराम को इलाज के लिए भर्ती किया गया था। 2 अप्रैल को उसे वापस सेंट्रल जेल ले आए। इसके बाद आसाराम की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उसने इलाज के लिए फिर से अस्पताल में भर्ती कराने की मंजूरी मांगी थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने 16 अप्रैल को समय अवधि बढ़ाते हुए आवश्यक निर्देश के साथ आवेदन को निस्तारित कर दिया। आसाराम की याचिका में कहा गया था कि 21 मार्च को कोर्ट की अनुमति के बाद सेंट्रल जेल से जोधपुर के आरोग्यधाम आयुर्वेद सेंटर में 25 मार्च भेजा गया था। वहां इलाज शुरू हुआ, जिसका लाभ मिला। 2 अप्रैल को वापस सेंट्रल जेल भेज दिया गया। माधव बाग अस्पताल, पुणे के चिकित्सकों की देखरेख में इलाज शुरू हुआ। आरोग्यधाम आयुर्वेद सेंटर में मेरे कमरे के बाहर चार-पांच पुलिसकर्मी तैनात थे, जो इलाज के दौरान कमरे में मौजूद रहते थे। ऐसे में मेरी गोपनीयता और इलाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश को आगे बढ़ाते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) अनिल जोशी को कहा कि वे वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन करें। एएजी जोशी ने कोर्ट को बताया कि आसाराम के कमरे के बाहर पुलिसकर्मी तैनात थे, जो कि सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक भी हैं। पुलिस की मौजूदगी से गोपनीयता के साथ स्वास्थ्य सुधार में भी बाधा हो सकती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने सभी को सुनने के बाद निर्देश दिए कि आसाराम को 7 से 10 दिन की अवधि के लिए निजी आयुर्वेद केंद्र भेजा जाएगा। उसके बाद पुन सेंट्रल जेल में भेजा जाएगा। उसके इलाज की समीक्षा करने और आवश्यकता होने पर इलाज की अवधि को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए कि वे आवेदक की पसंद के दो व्यक्तियों को कमरे में मौजूद रहने की अनुमति देंगे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारी आवेदक की गोपनीयता बरकरार रखेंगे और इलाज में बाधा नहीं होनी चाहिए। कमरे में सूर्य के प्रकाश की आवश्यकता है, क्योंकि विटामिन डी इलाज के लिए आवश्यक है।

## पहले वोट बाद में शादी- पति चुनने से पहले सरकार चुनने पहुंची दुल्हन

**नागौर**



देश में लोकतंत्र के उत्सव की शुरूआत हो चुकी है जहां 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग जारी है. वहीं राजस्थान में पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों के लिए मतदान चल रहा है. चुनाव आयोग के मुताबिक राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर सुबह 11 बजे तक 22.59 फीसदी वोटिंग हो गई है. सूबे की कई सीटों पर वोटिंग को लेकर लोगों में जोश दिख रहा है और अच्छी खासी वोटिंग परसेंटेज भी देखने को मिल रही है. हालांकि कई गावों में लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार किया है. वहीं चुनाव आयोग लगातार वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की कोशिशें कर रहा है जहां इस बार एक खास कॉन्टेस्ट भी लोगों के लिए चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक इस कॉन्टेस्ट के जरिए वोटरों को नकद इनाम दिया जा रहा है जिसमें पहला इनाम 10 हजार रुपए रखा गया है. कई पोलिंग बूथ पर 10 हजार का इनाम पाने की होड़ मची हुई है जहां नागौर लोकसभा में एक नई नवेली दुल्हन फेरे लेने से पहले वोट डालने पहुंचीं. इन दुल्हा-दुल्हन की वोट डालने के बाद फोटो चुनाव आयोग ने भी सोशल मीडिया पर शेयर की है.

### वोच डालने के बाद रवाना हुई दूल्हे की बारात

जानकारी के मुताबिक नागौर लोकसभा के डीडवाना में शादी के लिए रवाना होने रहे एक दूल्हे ने पहले वोट दिया फिर अपनी बारात लेकर दुल्हन के घर रवाना हुआ. वहीं कुचामनसिटी में भी बारात रवानगी से पहले दूल्हे ने वोट के अधिकार का प्रयोग किया. पोलिंग बूथ पर सजे धजे दूल्हे को देखकर हर कोई हैरान रह गया जहां दूल्हे अशोक कुमार ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है जिसमें हर किसी को पहले अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए. उन्होंने कहा कि मैंने भी आज शादी से पहले अपना वोट देकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है.

### पहले वोट फिर शिवानी लेगी फेरे

वहीं सरमथुरा के डोमपुरा मड़ासिल की रहने वाली शिवानी की आज शादी है लेकिन फेरे लेने से पहले शिवानी ने वोट डालने का फैसला किया. वहीं पोलिंग बूथ पर सेल्फी लेकर शिवानी ने अपनी खुशी लोगों को बताई. इसी तरह भूदोली गांव की रहने वाली पायल शर्मा भी फेरे लेने के बाद विदाई से पहले अपने पति के साथ वोट देने पहुंची.

चिंतन

## पहले चरण के चुनाव में वोटरों में दिखा उत्साह

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। चुनाव को लेकर मतदाताओं में खास उत्साह देख गया, शाम पांच बजे तक औसत 60 फीसदी मतदान हुआ, अंतिम आंकड़े के 70 फीसदी पार जाने की संभावना है। पश्चिम बंगाल व कश्मीर में उम्मीद से अधिक वोटिंग हुई है। कश्मीर में वोटिंग बढ़ने का मतलब है कि लोग वहां विकास कार्यों को सकारात्मक रूप में ले रहे हैं और वहां हो रहे विकासात्मक व सिस्टमैटिक बदलाव को साफ महसूस कर रहे हैं। पहले चरण में चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आईं, वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। यह बहुत दुःखद है। चुनाव आयोग ने मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी की है। चुनाव का शेडयूल जरूर लंबा है और उबाऊ है, लेकिन आयोग का मकसद शांतिपूर्ण मतदान है। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) में सभी लोकसभा सीटों पर मतदान पूर्ण हो गया। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम की सभी विधानसभा सीटों पर भी चुनाव संपन्न हो गया। यूं तो अभी चुनाव शुरू हुआ है, लेकिन चुनाव आयोग को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, बिना चुनाव वाले क्षेत्र में किसी भी प्रकार की रैली, चुनावी सभा, राजनीतिक बयानबाजी आदि पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। केंद्रीय चुनाव आयोग को अपनी आचार संहिता के दायरे को बड़ा करते हुए यह सख्त नियम बनाना चाहिए कि चुनाव के दिन अन्य किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न चले।। ऐसे चुनाव प्रचार वोटिंग कर रहे मतदाताओं को ध्यान में रखकर ही किए जाते हैं। यह परिपाटी देश में पिछले कई चुनावों से चल रही है। या तो देश में एक डेट में चुनाव हो, या कम से कम चरणों में कम से कम अंतराल पर चुनाव हो। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे। तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे। हिंसा प्रभावित मणिपुर में मतदान करीब-करीब शांतिपूर्ण रहा। मणिपुर में कुछ स्थानों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं। पहले चरण में 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस बीच, ईवीएम पर चल रही विपक्ष की राजनीति के बीच केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी आशंकाओं को खारिज कर दिया। आयोग ने स्पष्ट कहा कि सबका वोट सुरक्षित है, ईपीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला है, लोगों को फैसले का इंतजार है। पूर्व में कई बार ईवीएम की तकनीकी दक्षता के प्रमाण दिए जा चुके हैं। ईवीएम के तकनीकी पक्ष पर बहस समाप्त होनी चाहिए।

सियासत

योगेश कुमार सोनी



## कांग्रेस-आप अपनी अपनी डफली

आम आदमी पार्टी की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पहले से ही पार्टी के चोटी के नेता जेल में थे तो कुछ दिन पहले पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल गए। अभी पार्टी इस हादसे से उभरी भी नही थी कि बीते बुधवार पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और इसके बाद उन्होंने पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने इस्तीफा देते हुए पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर कई तरह के सवाल उठा दिए। इन सब मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाजपा पर सवालिया निशान उठाते हुए जुलूस निकाल रहे हैं। बीते कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी के साथ कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। दिल्ली लोकसभा की सात सीटों पर आम आदमी पार्टी का 4 व कांग्रेस का 3 सीटों के आधार पर बंटवारा हुआ है, लेकिन जैसे ही केजरीवाल जेल गए कांग्रेस ने आंतरिक तौर पर आप से किनारा कर लिया। दरअसल मामला यह है कि आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस से विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस का समर्थन मांग रहे हैं, जिस पर कांग्रेस ने स्पष्ट मना कर दिया। बीते सोमवार एक कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल भी हुए, लेकिन जैसे ही इसकी खबर बड़े पद पर आसीन नेताओं को मिली तो उन नेता जी को बहुत फटकार पड़ी। इसके अलावा कई नेताओं से संपर्क किया, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने अपनी व्यथा बताते हुए दूरी बना ली। पूर्वी दिल्ली में आप व कांग्रेस की नोक-झोंक भी होती दिखी लेकिन समय रहते स्थिति को संभाल लिया। देखा जा रहा है कि पूरी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के साथ कहीं भी कांग्रेस खड़ी नजर नही आ रही। इस घटना से दोनों में भारी द्वंद्वता बढ़ती जा रही है, लेकिन गठबंधन के चलते खुलकर विरोध भी नहीं कर सकते। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रही हो तो चुनावी समय में वो ऊर्जा नहीं दिखेगी जिस आधार पर गठबंधन हुआ था। ऐसी परिस्थिति से यह तो तय हो रहा है कि यदि गठबंधन द्वारा इन दोनों पार्टियों की कुछ सीटें आ भी गई तो वह चुनाव के बाद तुरंत अलग हो जाएंगे। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक दूसरे की प्रतिद्वंद्वी पार्टी हैं। दोनों दलों ने हमेशा एक-दूसरे का जमकर विरोध किया है। फिलहाल में दिल्ली की स्थिति को समझना होगा कि यदि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संदर्भ में चर्चा करें तो आंतरिक तौर पर कांग्रेस खुश है, जो कि उसका बनता भी है चूंकि केजरीवाल ने यदि किसी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया तो वह कांग्रेस है। दिल्ली में केजरीवाल का जितना वोट बैंक है वह सारा कांग्रेस का है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के सभी चोटी के नेता जेल में हैं और प्रचार करने व अपनी बात रखने के लिए कोई बड़ा नेता जनता के बीच मौजूद नही हैं तो इससे कांग्रेस भरपूर फायदा उठा सकती है और दिल्ली के कुछ इलाकों में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस को नुकसान भी देखने को मिल रहा, चूंकि इस बार दोनों गठबंधन में उतरी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का बंटवारा हुआ है, तो फाइट में कांग्रेस के पास कुछ बड़ा करने के लिए नही हैं। हां, लेकिन आगामी चुनाव पर आंतरिक तौर पर कांग्रेस अपने पुराने वोटरों को जोड़ने में जुट जरूर गई है। आम आदमी पार्टी चारों ओर से घिर चुकी है। हालांकि डूबते को तिनके के सहारे वाली तर्ज पर संजय सिंह का जेल से रिहा होना पार्टी को कुछ ऊर्जा तो दे रहा है,लेकिन इतने बडे चुनाव में वह अकेले किला जीतने के सार्थक नहीं माने जा सकते है। भारतीय राजनीति में गठबंधन का कोई नियम नहीं होता चूंकि सब अपनी जीत के लिए किसी से भी गठबंधन कर लेते हैं, लेकिन आज सोशल मीडिया का दौर है लोगों के पास पुरानी वीडियो सुरक्षित रहते हैं और जैसे ही कोई मौका आता है वह सारे वीडियो सोशल मीडिया पर दिखने लगते हैं। टिकाऊ की नहीं बस जिताऊ की तर्ज पर गठबंधन बनने लगा। यदि दशकभर पुरानी राजनीति को देखा जाए तो वह दोनों दल जो साथ जुड़े होते थे। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता एक-दूसरे को अपना समझते थे। खेल का अब गुणवत्ताओं से कोई लेना-देना नहीं, जिसको जनता भी भली भांति समझ रही है। बहरहाल, कुछ बेसिक मानक यह कहते हैं कि जिसके साथ आप जब तक जुड़े हो तब तक तो साथ दो अन्यथा इससे क्षति एक तरफ नहीं बल्कि दोनों तरफ होने की संभावना बनी रहती है। लोकसभा चुनाव को लेकर समझें तो दिल्ली में वोट बैंक को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला बना रहता है। प्रथम बीजेपी, दूसरा स्थान आम आदमी पार्टी व तीसरे नंबर पर कांग्रेस रहती है। दोनों विपक्षी दलों ने इस बार घेरने का प्रयास तो भरपूर किया है लेकिन केजरीवाल के जेल जाने से सारे समीकरण बिगड़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



तैयारी

डॉ. एल. एस. यादव

# हाईवे बनेंगे वायु सेना के रनवे

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

चीन व पाकिस्तान की समरतांत्रिक चालों में बदलाव के कारण भारत की सामरिक तैयारी यही है कि युद्ध की स्थिति में वह दोनों मोर्चों पर निपट सके। इसके लिए वायु सेना उन हाईवे को रनवे के रूप आजमा रही है, जो युद्ध की स्थिति में काम आ सकें। देश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वायु सेना ऐसे कदम उठा रही है। इसी क्रम में वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का रनवे के रूप में इस्तेमाल करते हुए लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों व हेलीकॉप्टर उतारकर नौ ट्रायल परीक्षण किए। ये परीक्षण दो अप्रैल 2024 को अलसुबह 03.45 बजे से लेकर 04.30 बजे के बीच सूरज उगने से पहले सम्पन्न किए गए। इन परीक्षणों के समय हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

जम्मू-कश्मीर में इस तरह का यह पहला अभ्यास था। भोर के वक्त सन्नाटे को चिनूक हेलीकॉप्टर, एमआई-17 हेलीकॉप्टर एवं एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर की गर्जनाओं ने भंग कर दिया। इन श्रेणी के पांच हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की आपातकालीन हवाई पट्टी पर उतरे और कुछ समय बाद आसमान में उड़ गए। थोड़ी देर बाद वे पुनः रनवे के ऊपर मंडराने लगे। देखते ही देखते हवा में रहते हुए इनमें सवार सैनिक नीचे उतर आए। इसी बीच एक हेलीकॉप्टर से रस्सियों की मदद से सैनिक साजो-सामान नीचे सड़क पर उतारा गया। इसके बाद बिना देर किए एक अन्य हेलीकॉप्टर ने इस सामान को ऊपर खींच लिया। इस तरह वायु सेना ने आपातकालीन परिस्थितियों या यूं कहिए कि पाक या चीन से लड़ाई के समय शत्रु से निपटने की अपनी सैन्य तैयारियों का आकलन किया। रनवे पर लैंडिंग व अन्य तैयारियों के इन ट्रायल परीक्षणों में करीब ढाई घंटे का समय लगा। विदित हो कि पाकिस्तान और चीन की समरतांत्रिक चालों और यौद्धिक स्थितियों से मुकाबले को ध्यान में रखकर ही अनंतनाग के बिजबेहड़ा हाईवे पर इस हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। पाकिस्तान या चीन के खिलाफ इस हवाई पट्टी से वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उड़ान भरने में मुश्किल से एक या डेढ़ मिनट का समय लगेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि अत्यन्त कम समय में भारतीय वायु सेना के फाइटर विमान शत्रु के विमानों का मुकाबला करेंगे। उड़ान भरने के बाद मात्र तीन मिनट में ये पाकिस्तानी सीमा पर और पांच मिनट में पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा पर पहुंच जाएंगे। इस तरह यह समझा जा सकता है कि हम कितनी जल्दी मुहंतोड़ जवाब देने लायक बन गए हैं। इस अभ्यास के बाद जम्मू-कश्मीर आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा वाला देश का पहला केन्द्र शासित प्रदेश बन गया है। वर्तमान में आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा देश के तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान में उपलब्ध है। इस अभ्यास में अमेरिका निर्मित चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया। चिनूक को हाल ही में वायु सेना में शामिल किया गया है। इस ट्रायल परीक्षण में दो चिनूक



हेलीकॉप्टर, रूस निर्मित एक एमआई-17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग के वानपोह-संगम मार्ग पर उतरे थे। यह राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपये की लागत से वर्श 2020 में शुरू हुआ था। इस हवाई पट्टी का रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकतिक आपदाओं के दौरान बचाव तथा राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा।


इस अभ्यास में जिस चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया उसका उपयोग भारी वजन उठाने के लिए किया जाता है। इस हेलीकॉप्टर की उड़ान की अधिकतम गति 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके मुख्य केबिन में करीब तीन दर्जन पूर्णतया सुसज्जित सैनिक बैठ सकते हैं। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल चिकित्सकीय कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। इस कार्य के लिए इसमें दो दर्जन के लगभग स्ट्रेचरों को समायोजित किया जा सकता है। जो एमआई-17 हेलीकॉप्टर इस परीक्षण में शामिल था उसमें भी लगभग तीन दर्जन सैनिकों के बैठने की व्यवस्था है। यह हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। यह दो इंजनों वाला पूर्ण रूप से स्वदेशी हेलीकॉप्टर है। इसका अधिकांश उपयोग घायल सैनिकों को निकालने और उन्हें सुरक्षित जगह पर पहुंचाने के लिए तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में किया जाता है। इसी तरह 8 अप्रैल 2024 को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पहली एयर स्ट्रिप पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हुंकार भरी। यह अवसर था वायु सेना के तीन दिवसीय अभ्यास के बाद हवाई पट्टी के हैंड ओवर का। इस कारण इस हवाई पट्टी पर वायु सेना ने 6 अप्रैल को ही अपना डेरा डाल दिया था। अभ्यास के तहत आठ अप्रैल को इस हवाई पट्टी पर 9.45 बजे पहला तेजस लड़ाकू विमान टच एंड गो करवाकर उतारा गया। इसके बाद जगुआर लड़ाकू विमान व सी-295 तथा एएन-32 जैसे परिवहन विमान उतारे गए। यह अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह हवाई पट्टी राजस्थान राज्य के बाड़मेर में नेशनल हाईवे-925 ए पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड है। विदित हो कि सामरिक रूप अत्यन्त महत्वपूर्ण इस हवाई पट्टी का लोकार्पण 9 सितम्बर 2021 को किया था। इसका उद्घाटन परिवहन विमान सी-130 जे हरक्यूलिस की आपातकालीन लैंडिंग अभ्यास से किया गया। जिस समय ये इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल हुई उस समय सी-130 जे हरक्यूलिस परिवहन विमान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी एवं सीडीएस जनरल विपिन कुमार रावत सवार थे। इस दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस.भदौरिया भी वहां उपस्थित थे। दोनों मंत्रियों के सामने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, सैन्य परिवहन विमान एएन-32 और एमआई-17 वी हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की थी। उद्घाटन के पश्चात रक्षा मंत्री ने कहा था कि अब देश की सामरिक जरूरतों के हिसाब से यह नया प्रयोग रणनीतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। तब उन्होंने जानकारी दी थी कि देश में ऐसी ही 20 हवाई पट्टियां और बनाई जाएंगी। इन्हीं को अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत




संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्रा का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

अंतर्मन




आज की पाती

### उचित खानपान और जीवन शैली लिवर रखेगी दुरुस्त

19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को लिवर को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना भी है। हमारे शरीर के वैसे तो सभी अंगों का तंदुरुस्त होना हमारे लिए वरदान है, लेकिन हमारे शरीर के कुछ अंग ऐसे भी हैं जिनमें अगर हमारे गलत खानपान और जीवनशैली के कारण दिक्कत आती है तो यह हमारी जिंदगी को मुश्किलों में डाल देते हैं। इन्हीं जरूरी अंगों में से एक है, लिवर। लिवर की देखभाल और इसे सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लिवर डे मनाने का फैसला लिया गया था।

- **सुधीर चौधरी**, महासमुंद

ट्रेंड

### मिलकर काम करते हैं



मैंने संबलपुर की अपार संभावनाओं के बारे में विकसित ओडिशा, विकसित भारत के प्रमुख भागीदार चैटर्ड अकाउंटेंट्स से बात की। विकसित भारत में संबलपुर की भूमिका और प्रधानमंत्री के प्रति जनता के भरोसे पर बात हुई। मोदी की गारंटी में हम सब संबलपुर के विकास के लिए मिलकर काम करते हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### ज्यादा सोच रहा इंसान



यदि आप सफलता चाहते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि आप इसमें बाधा नहीं हैं। इंसान अपने बारे में बहुत ज्यादा सोच रहा है। यहां जो कुछ हो रहा है हम उसका एक छोटा सा हिस्सा हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### सावधानी से डालें अपना वोट



हमारे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई आज से शुरू हो रही है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान करने वाले 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के नागरिकों, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि अपना वोट सावधानी से डालें।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय




मुझे सिडचैट 1 और योग में उनके कौशल के बारे में पता नहीं था। विम हॉफ के ऐप ने उनकी सांस लेने और सहनशक्ति तकनीकों को अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय बना दिया है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
राजस्थान की राजनीति आपकी आवाज़ के साथ
राजस्थान के सभी जिलों से खबरें एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि बनने के लिए सम्पर्क करें
7610866001
Email : hr.tniawaaz@gmail.com
नोट : अनुभवी एवं साफ छवि वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
www.rajasthankirajneeti.com
WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM
पूर्वी राजस्थान (दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई- माधोपुर, अलवर) के सभी विधानसभा स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता सम्पर्क करें
7610866001
HINDUSTAN PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING
A UNIT OF HAMARI PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING (OPC) PVT. LTD. 1ST FLOOR, 18K3, PANKAJ SINGHVI MARG, NEAR RAJ. VIDHAN SABHA, JYOTI NAGAR, JAIPUR (RAJ.) MOB.: +91 7610866001, 8946840063
E-MAIL: editor.tniawaaz@gmail.comWEB.: www.tniawaaz.in www.hpnews.in

## खबर संक्षेप



### आईनॉक्स विंड को हीरो फ्यूचर से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज (एचएफई) से फिर 210 मेगावाट का ठेका हासिल किया है। बयान में कहा गया, इसके अतिरिक्त आईनॉक्स विंड इसके पूरा होने के बाद बहु-वर्षीय संचालन तथा रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं भी प्रदान करेगा। बयान के अनुसार, यह ठेका (आईडब्ल्यूएल) आईनॉक्स विंड लिमिटेड के अत्याधुनिक तीन मेगावाट विंड टर्बाइन जेनरेटर (डब्ल्यूटीजी) के लिए है। इस दायरे में कुछ अन्य सेवाओं के साथ उपकरण आपूर्ति शामिल है।

### विप्रो के शुद्ध लाभ में 7.8% की गिरावट

**बेंगलुरु।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,834.6 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि परिचालन आय सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत घटकर 22,208.3 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 7.8 प्रतिशत घटकर 2,834.6 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,074.5 रुपये था।

### बजाज ऑटो का शुद्ध लाभ 35% बढ़कर 1,936 करोड़




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो का शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 35 प्रतिशत बढकर 1,936 करोड़ रुपये रहा। पुणे स्थित कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,433 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चौथी तिमाही में परिचालन से होने वाली आय 29 प्रतिशत बढ़कर 11,485 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8,905 करोड़ रुपये थी।

### मणप्पुरम फाइनेंस विदेशों से वाणिज्यिक कर्ज जुटाएगी




**नई दिल्ली।** सोने के बदले कर्ज देने वाली कंपनी मणप्पुरम फाइनेंस ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिये 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,100 करोड़ रुपये) तक की राशि जुटाने की मंजूरी दे दी है। मणप्पुरम फाइनेंस ने शेयर बाजार को इस फैसले की जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह राशि एक या अधिक किस्तों में जुटाई जाएगी।

### एचसीसी के राइट इश्यू को मिला 2.5 गुना अभिदान



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (एचसीसी) के राइट इश्यू को 250 प्रतिशत से अधिक अभिदान मिला है। कंपनी को 350 करोड़ रुपये के निर्गम के मुकाबले 877 करोड़ रुपये के आवेदन मिले हैं। बयान के अनुसार, राइट इश्यू आकार के 100 प्रतिशत के अनुरूप 350 करोड़ रुपये की राशि बरकरार रखी है, शेष राशि निवेशकों को वापस कर दी गई है। शेयर बाजार बीएसई लि. के साथ अंतिम आवंटन के आधार पर आवेदकों को इक्विटी शेयर आवंटित किए गए।

# बजाज ने पेश की नई दमदार पल्सर एन250, कंपनी ने किए 5 बड़े बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो तेजी से अपना पोर्टफोलियो विस्तार कर रही है। कंपनी भारतीय बाजार के लिए मोटरसाइकिलों की पल्सर रेंज को अपडेट कर रही है। हाल ही में घरेलू निर्माता ने 2024 पल्सर एन250 को लांच किया है, जिसका पहला वैरिएंट हमने नवंबर 2021 में देखा था। दोपहिया वाहन निर्माता ने 2024 के लिए पल्सर एन250 में कई बदलाव किए हैं। 2024 के लिए बजाज ऑटो ने दो न्यू कलर स्कीम जोड़ी है। इसमें ग्लॉसी रेसिंग रेड और पर्ल मेटैलिक व्हाइट शामिल है। बजाज पल्सर एन250 के लिए भी ब्रुकलिन ब्लैक कलरवे की पेशकश कर रहा है। कलर ऑप्शन की बात करें तो इसमें नए ग्राफिक्स भी हैं, जो तीनों कलर ऑप्शन को मिलते हैं।

## पल्सर एन 250 की एक्स शोरूम कीमत 1.51 लाख के करीब

### ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स

इसमें एक नया स्विचगियर होगा। साथ ही मोटरसाइकिल चलाते समय राइडर कॉल उठा और कट कर सकेगा। इसमें एक बजाज राइड कनेक्ट एप्लिकेशन होगा, जिसका उपयोग मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन को कनेक्ट करने के लिए किया जाएगा। इसका मतलब है कि क्लस्टर को ब्लूटूथ कनेक्टिविटी भी मिलती है।




### गियर पोजीशन इंडिकेटर

*2024 के लिए बजाज ने पल्सर एन250 में नया डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जोड़ा है। यह वही यूनिट है, जिसने पल्सर एन150 और पल्सर पर अपनी शुरुआत की थी। नया क्लस्टर गियर पोजीशन इंडिकेटर, मोबाइल नोटिफिकेशन अलर्ट, फ्यूल टैंक इकोनॉमी, खाली होने की दूरी, औसत फ्यूल इकोनॉमी और टाइम जैसी जानकारी दिखाता है। इसके अलावा नॉर्मल ट्रिप मीटर, ओडोमीटर, स्पीडोमीटर और फ्यूल गेज होंगे।*

### नए सेफ्टी फीचर्स

*पल्सर एन250 पहले से ही डुअल-चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम के साथ आया था। हालांकि, अब बजाज ने तीन एबीएस मोड जोड़े हैं। इसमें रोड, बारिश और ऑफ-रोड है। इसके अलावा इसमें ट्रैक्शन कंट्रोल भी मौजूद है। बजाज पल्सर एन250 में एकमात्र हार्डवेयर परिवर्तन सामने में यूएसडी फोर्क्स को शामिल करना है। वे मोटरसाइकिल की राइडिंग क्वॉलिटी को रिफाइन करते हैं।*

### पल्सर एन250 कीमत

*इसके कीमत की बात करें तो 2024 बजाज पल्सर एन250 की कीमत में मामूली बढ़ोतरी हुई है। अब इसकी कीमत 1.51 लाख (एक्स-शोरूम) तक पहुंच गई है।*

### अजय सेठ भारत के आर्थिक मामलों के सचिव है

# सुस्त वैश्विक वृद्धि रुझानों के बीच भारत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला देश : सेठ

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

भारत की अर्थव्यवस्था ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिदृश्य के बावजूद निरंतर खपत तथा निवेश मांग के समर्थन से पिछले साल मजबूत वृद्धि दर्ज की है। भारत के आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने यहां विश्व बैंक समिति को एक बैठक में यह बात बताई। वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान जिसे दूसरे अग्रिम अनुमान में 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थायी ताकत तथा जुझारूपन को दर्शाता है।

### लगातार 3 तिमाही में वृद्धि दर्ज

सेठ ने कहा, 'भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 की लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो सुस्त वैश्विक वृद्धि रुझानों के बीच एक उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता के रूप में उसकी स्थिति की पुष्टि करता है।'

**खास बातें**

- पिछले साल मजबूत वृद्धि दर्ज की गई
- जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 7 .6 फीसदी किया गया
- भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थायी ताकत तथा जुझारूपन को दर्शाता है



### भारतीय पूंजी बाजार का बेहतर प्रदर्शन

*सेठ ने विकास समिति को बताया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की निरंतर वृद्धि के अनुरूप भारतीय पूंजी बाजार वित्त वर्ष 2023-24 में उभरते बाजारों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक बना हुआ है।*

### वैश्विक लेनदेन में 46 फीसदी की हिस्सेदारी

*सेठ ने इस बात पर भी जोर दिया कि 2022 में वैश्विक लेनदेन में 46 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत का वैश्विक स्तर पर डिजिटल लेनदेन सबसे अधिक रहा। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 में मासिक लेनदेन 13.44 अरब था, जिसकी कुल राशि 19780 अरब रुपये हो गई।*

### वृद्धि अनुमान आठ फीसदी तक संशोधित

*सचिव ने कहा, 'इसी तरह की राय विभिन्न एजेंसियों द्वारा व्यक्त की गई है जिन्होंने भारत के वित्त वर्ष 2023-24 के वृद्धि अनुमान को आठ प्रतिशत के करीब संशोधित किया है। सतत विकास की राह में सुधार और निवेश पर भारत का सक्रिय रुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक मानक स्थापित करता है।'*

### भारत ने मौजूदगी दर्ज कराई

*अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की एक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इस बार आधिकारिक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मौजूदा लोकसभा चुनाव के कारण इस वार्षिक सभा में हिस्सा नहीं ले रही हैं।*

### भारत में निजी निवेश जारी रहा

*सेठ ने विकास समिति को बताया कि पूंजीगत व्यय पर भारत के जोर से निजी निवेश जारी रहा.... जिसके परिणामस्वरूप स्थिर कीमतों पर सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।*

# सोना 400 रुपए मजबूत होकर 74 हजार के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतें नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोना 74,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर चला गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 400 रुपये की तेजी के साथ 74,100 रुपये के ताजा सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती के संकेतों के बीच दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। यह पिछले बंद भाव से 400 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,390 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर ऊंचा है। सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर छापे के जवाब में ईरान द्वारा इजराइल पर हमला करने के कुछ दिनों बाद ईरान पर इजराइल के हमले की रिपोर्ट के बाद शुक्रवार को एशियाई कारोबारी घंटों में वैश्विक बाजार में सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

- चांदी 86,600 रुपए के नए शिखर पर

### चांदी 28.29 डॉलर प्रति औंस

*इससे एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना बढ़ गई है जो सोने की ऊंची कीमतों का समर्थन करेगा। इसके अलावा, चांदी बढ़कर 28.29 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। पिछले दिन यह 28.25 डॉलर प्रति औंस पर रही थी।*

# निजी इक्विटी, उद्यम पूंजी निवेश मार्च तिमाही में एक फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों का निवेश मार्च तिमाही में सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 13.5 अरब डॉलर रहा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। हालांकि सलाहकार फर्म ईवाई और उद्योग के लिए जनसंपर्क करने वाली आईवीसीए की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर, 2023 तिमाही की तुलना में यह निवेश 41 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, मात्रा के लिहाज से जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पीई एवं वीसी निवेश सौदों की संख्या 292 थी, जो एक साल पहले के 220 की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। ईवाई में साझेदार विवेक सोनी ने कहा, 'हमारा मानना है कि चुनाव नतीजों पर स्पष्टता आने और भू-राजनीतिक संघर्षों में

- निवेश मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 13 .5 अरब डॉलर रहा



वृद्धि का जोखिम कम होने तक बाजार और पीई/वीसी की निवेश गतिविधियां सीमित ही रहेंगी।'इस तिमाही में बुनियादी ढांचा क्षेत्र को 23 सौदों के तहत 6.5 अरब डॉलर का अधिकतम पीई/वीसी निवेश प्राप्त हुआ। यह एक साल पहले की अवधि के 14 सौदों में हासिल 2.7 अरब डॉलर निवेश से 138 प्रतिशत अधिक है। इसमें एटीसी इंडिया टावर कॉरपोरेशन में ब्रुकफील्ड का दो अरब डॉलर का निवेश सौदा भी शामिल है। वित्तीय सेवा क्षेत्र 48 सौदों में 1.5 अरब डॉलर के साथ दूसरा बड़ा क्षेत्र रहा। लेकिन मूल्य के संदर्भ में यह चार प्रतिशत कम था।

### 10 सौदों में 4.5 अरब डॉलर निवेश आया

*हिस्सेदारी खरीद 10 सौदों में 4.5 अरब डॉलर निवेश के साथ सबसे आगे रही। एक साल पहले की समान अवधि में 16 सौदों में 3.2 अरब डॉलर का निवेश आया था। आलोच्य तिमाही में हिस्सेदारी बिक्री के 5.1 अरब डॉलर मूल्य के 80 सौदे हुए। यह एक साल पहले के 3.8 अरब डॉलर से 35 प्रतिशत अधिक है।*

# इरेडा के शुद्ध लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 33 प्रतिशत बढ़कर 337.37 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उसने 253.61 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कंपनी की कुल आय वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 1,391.63 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 1,036.31 करोड़ रुपये थी।



### डेल को वाणिज्यिक पीसी की बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** डेल टेक्नोलॉजीज ने कहा है कि नयी नियुक्तियों और आर्थिक वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष में उसके वाणिज्यिक व्यक्तिगत कम्प्यूटर की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। डेल टेक्नोलॉजीज इंडिया के वरिष्ठ निदेशक और महाप्रबंधक (ग्राहक समाधान समूह) इंद्रजीत बेलगुंडी ने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी को अपनाने की वजह से भी कंपनी के वाणिज्यिक उपकरणों की बिक्री बढ़ेगी। उन्होंने कंपनी के एक नए वाणिज्यिक व्यक्तिगत कम्प्यूटर पोर्टफोलियो की पेशकश के मौके पर यह बात कही। बेलगुंडी ने कहा, 'हर साल नए छात्र कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। पुराने उपकरणों को बदला भी जा रहा है।

*शेयर विभाजन के लिए रिकॉर्ड तिथि 15 मई तय की*

# सरकारी बैंक के इतिहास में पहली बार होगा केनरा बैंक का शेयर विभाजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की पात्रता तय करने को लेकर रिकॉर्ड तिथि 15 मई तय की है। शेयरों की खरीद-बिक्री में तेजी लाने के मकसद से शेयर विभाजन किया जा रहा है। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि बैंक के निदेशक मंडल ने फरवरी में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले मौजूदा शेयरों को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच शेयरों में विभाजित करने की मंजूरी दी थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 16 अप्रैल, 2024 को शेयर विभाजन के लिए अपनी मंजूरी दी थी। सरकार की केनरा बैंक में 62.93 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि शेष हिस्सेदारी सार्वजनिक शेयरधारकों के पास है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बैंक ने कहा कि 26 फरवरी 2024 को बैंक के बोर्ड की बैठक में शेयर को 5 शेयरों में बांटने की मंजूरी दी।




### शेयर निवेशकों के लिए मुनाफे का सौदा रहा

*एक साल में 100 फीसदी का रिटर्न दे चुका है शेयर-केनरा बैंक का शेयर अपने निवेशकों के लिए मुनाफे का सौदा रहा है। बीते एक साल में स्टॉक 111 फीसदी की बढ़त दर्ज कर चुका है। वहीं 3 साल में स्टॉक का रिटर्न 265 फीसदी रहा है। इस साल अब तक स्टॉक 31 फीसदी बढ़ा है। वहीं 3 महीने में स्टॉक 47 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है।*

# विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर बढ़कर 648.56 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर जा पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.51 करोड़ डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.79 अरब डॉलर हो गया।



### आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित जमा घटा

रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 9.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.08 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गयी।

### एमफोर्स ऑटोटेक का निर्गम 23 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली एमफोर्स ऑटोटेक लिमिटेड आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 54 करोड़ रुपये जुटाएगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उसका आईपीओ आवेदन के लिए 23 अप्रैल को खुलेगा। इसका मुख्यालय पंचकूला में है। कंपनी के आईपीओ में 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 54.99 लाख ताजा इक्विटी शेयरों की बिक्री शामिल है। एमफोर्स ऑटोटेक ने बताया कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 93-98 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ 25 अप्रैल को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशकों के लिए बोली 22 अप्रैल को खोली जाएगी।

## तमिलनाडु में एक बिलियन डॉलर के निवेश से नया प्लांट लगाएगी

# अब भारत में बनेगी जगुआर लैंड रोवर की कारें, लग रहा नया प्लांट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स तमिलनाडु में एक नया प्लांट लगाने जा रही है, जिसमें वह जैगुआर लैंड रोवर की कारों की मैन्युफैक्चरिंग करेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा मोटर्स 1 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ ये नया प्लांट लगाएगी। टाटा मोटर्स ने इससे पहले मार्च में बताया था कि वह नया प्लांट लगाने जा रही है। हालांकि कंपनी ने ये नहीं बताया था कि नए प्लांट में किन कारों की मैन्युफैक्चरिंग होगी। टाटा मोटर्स और जेएलआर के बीच साझेदारी इस नए प्लांट के साथ ही और भी बढ़ती जा रही है। दोनों कंपनियां साथ में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन कर चुकी हैं। ये एमओयू जेएलआर के इलेक्ट्रिफाइड मॉड्यूलर आर्किटेक्चर (ईएमए) प्लेटफॉर्म के लिए साइन किया गया था।

- टाटा मोटर्स और जेएलआर के साथ एमओयू पर हो चुके हस्ताक्षर



### पहला मॉडल 2024 के अन्त तक

*इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल टाटा की लांच होने वाली बॉर्न-इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए किया जाएगा। ये प्लेटफॉर्म का पहला मॉडल इस साल 2024 के आखिर में मार्केट में आ सकता है। जेएलआर के ईएमए प्लेटफॉर्म के बारे में साल 2021 में जानकारी साझा की गई थी।*

### अल्ट्राफास्ट चार्जिंग

*ये प्लेटफॉर्म नेक्स्ट जेनेरेशन वेलर, ईओक और डिस्कवरी स्पोर्ट में नजर आ सकता है। जेएलआर के मुताबिक, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम, एक्सटेंसिव क्लाउड कनेक्टिविटी और दूसरी कारों से कम्यूनिकेशन के लिए इस प्लेटफॉर्म को लाया गया है। जेएलआर की इन कारों में अल्ट्राफास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी पर भी फोकस किया जा रहा है।*

### भारत में जैगुआर लैंड रोवर

*जैगुआर लैंड रोवर की गाड़ियां की भारत में खूब सेल हो रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में इन कारों की बिक्री में 81 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है। वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी की भारत में 4,436 यूनिट्स की बिक्री हुई। साल 2009 में भारत में जैगुआर लैंड रोवर ने भारत में कदम रखा था, तब से कंपनी की बिक्री के मामले में ये बेस्ट परफॉर्मेंस है।*

# शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला था और शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। निफ्टी भी 151.15 अंक उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

*सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी प्रमुख रूप से बढ़त हासिल करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

979 चौके

575 छक्के

# कप्तान हार्दिक को इग्नोर कर आकाश ने मानी रोहित की बात, मैच का वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स मैच के दौरान का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें मुंबई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल कप्तान हार्दिक पांड्या को अनदेखा कर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बात मानते दिखे।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में रोहित को एमआई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल के साथ गहन चर्चा करते हुए देखा जा सकता है। वहां, कप्तान हार्दिक पांड्या भी मौजूद थे। फील्डिंग सेटिंग को लेकर हुई चर्चा में हार्दिक ने भी सुझाव दिए, लेकिन आकाश ने पंड्या की तरफ देखा भी नहीं। फैंस ने कमेंट किया कि आकाश हार्दिक की बात नहीं मानकर रोहित की बात मान रहे हैं। वहीं, कमेंटेटर भी इसी पर बात करते दिखे।





### आकाश ने झटका विकेट

आखिरी ओवर में पंजाब को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। आकाश ने ओवर की शुरुआत वाइड गेंद से की। इसके बाद रोहित और पंड्या ने आकाश को समझाइश दी। रोहित के क्षेत्ररक्षण सुझाव पर आकाश की पहली गेंद पर दो रन लेने के चक्कर में कगिसो रबाडा रन आउट हो गए और पंजाब की टीम मैच हार गई।

### मुंबई ने पंजाब को हराया

मुंबई ने पंजाब को नौ रन से हरा दिया। ऐसा लग रहा था कि 193 रन का लक्ष्य पंजाब के लिए काफी होगा, लेकिन बल्लेबाज शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की शानदार बल्लेबाजी ने एक वक्त एमआई को खतरे में डाल दिया था। 14 रन पर चार विकेट, 77 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद शशांक ने 25 गेंद में 41 रन और आशुतोष शर्मा ने 61 रन की पारी खेली।

### टीम में नए खिलाड़ियों के कारण धीमी शुरुवात

*पंजब के खिलाफ मुकाबले से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की धीमी शुरुवात को लेकर चुप्पी तोड़ी है। गुजरात टाइटंस को उसके पहले ही सीजन में खिताब दिलाने वाले हार्दिक मुंबई इंडियंस को शुरुआती मैचों में जीत नहीं दिला पाए। रोहित ने कहा, इन सभी वर्षों में वास्तव में, यह मुंबई इंडियंस की कहानी रही है जहां हमने काफी धीमी शुरुआत की और फिर चीजें बदलनी शुरू हो गईं। मुझे लगता है कि यह तब होता है जब आपके पास टीम में नए खिलाड़ी होते हैं, यह सिर्फ इसलिए होता है क्योंकि कप्तान के लिए पिछले दस साल स्थिर थे, कुछ वर्षों में कोच बदल गए, लेकिन कप्तान स्थिर रहे।*

## खबर संक्षेप



### पाक और न्यूजीलैंड टी20 बारिश में धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ।

### धाविका शालू को डोपिंग ओराप से क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके



चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

### पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना



**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया।

### जल्द नए कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। पीसीबी अधिकारी ने कहा कि उनकी रूचि गिलेस्पी और कर्स्टन में है लेकिन नए आवेदक भी दौड़ में हैं।

## आईपीएल : अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे

# पंत की भावुक घर वापसी, दिल्ली के सामने हैदराबाद की कठिन चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिए यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है।

दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।





### गेंदबाजों की मिलेगी हिटर से कड़ी चुनौती

सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 29वें मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिए हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिए कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं।



### स्पिनर कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स के ट्रंपकार्ड

कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिये अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिए चिंता का विषय है हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेसर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है।

### सनराइजर्स के गेंदबाज विकेट लेने में फेल

सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जाएगा। जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके।

#### खास खबर

### एशियाई महाद्वीपीय चैंपियशिप पर नजरें



**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने अगले साल होने वाली एशियाई महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के लिए बेहतरीन राइडर्स और मजबूत टीम तैयार करने के मकसद के साथ शुक्रवार को 2024-25 सत्र के लिए 41 प्रतियोगिताओं के व्यापक कैलेंडर को जारी किया। भारत पहली बार एशियाई घुड़सवारी महासंघ से स्वीकृत अंडर-21 क्षेत्रीय ग्रुप तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा जिसमें शो जंपिंग और ड्रेसेज प्रतियोगिताएं होंगी। भारत पहली बार पैरा-ड्रेसेज स्पर्धाओं का भी आयोजन करेगा। इसके साथ ही ड्रेसेज, जंपिंग और इवेंटिंग में राष्ट्रीय चयन ट्रायल का आयोजन भी होगा। इन स्पर्धाओं में प्रदर्शन के आधार पर अगले साल दिसंबर में थाईलैंड के पटाया में होने वाली एशियाई महाद्वीपीय चैम्पियनशिप की टीम का चयन होगा।

### ठोस नींव तैयार कर रहा हॉकी इंडिया



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरों को तैयार करने पर जोर देने के लिए शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। छेत्री ने कहा, 'भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों के लिए विशेष ट्रेनिंग के जरिए हॉकी इंडिया इन भूमिकाओं के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ठोस नींव तैयार कर रहा है।'

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश को फिर बढ़त प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| टोरंटो


भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए।

अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7.5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं जबकि गुजराती के पांच अंक हैं। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4.5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला।




### क्वालीफायर नहीं खेल सकेंगे पूनिया, सुजीत

*नई दिल्ली। बिश्केक में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा क्योंकि देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत कलाकल समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची। भारी बारिश और बाढ़ के कारण दोनों दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी।*



### स्टटगार्ट ओपन...




*स्टटगार्ट। जर्मनी के स्टटगार्ट में पोर्शे एरिना में पोर्शे टेनिस ग्रां प्री स्टटगार्ट 2024 के पांचवें दिन शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा के खिलाफ खेलती हुई आर्यना सबालेंका।*

## ओलंपिक चयन ट्रायल : 25 मीटर पिस्टल में शीर्ष पर रहे खिलाड़ी

# ईशा, भावेश ने पहले दिन किए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भावेश शेखावत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल वर्ग में शीर्ष पर रहे। ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल 'टी1' क्वालीफिकेशन में प्रिसिजन और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया, जिससे वह दूसरे स्थान पर काबिज सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं। डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अभिज्ञान पाटिल (577) और रिदम सांगवान (574) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।





### आज फिर देंगे चुनौती

*पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में भावेश (580) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में देश के लिए कोटा हासिल करने वाले विजयवीर सिद्धू (579) और अनीश (578) का प्रदर्शन भी बेहतर रहा लेकिन आदर्श सिंह (572) और अंकुर गोयल (564) उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। सभी 10 निशानेबाज फाइनल शनिवार को फाइनल में फिर से चुनौती पेश करेंगे। हर वर्ग में पांच दावेदारों के बीच सर्वश्रेष्ठ स्कोर वाले शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।*

### अभ्यास में चल रहे हैं पीछे, पता नहीं ओलंपिक कौन जाएगा

*महान पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजी दल के ऐलान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे चयनित निशानेबाजों को तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। अमेरिका और इटली समेत कई देशों और यूरोपीय दिग्गजों ने टीमों का ऐलान कर दिया है। उनके निशानेबाज अभ्यास में जुट गए हैं। भारत में शीर्ष पांच पिस्टल और राइफल निशानेबाज अगले एक महीने तक चयन ट्रायल में भाग लेंगे जो 19 अप्रैल से 19 मई तक चलेगा। इसके बाद तैयारी के लिए बहुत कम समय रह जाएगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू हो रहे हैं।*

# पीएम मोदी ने क्रिकेटर शमी को याद किया

एजेंसी ▶▶| अमरोहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के करन सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, ''क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया हैं। योगी जी की सरकार दो कदम आगे बढ़ी हैं।

पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
निविदा सूचना संख्या वरि-भंडार आपूर्ति हेतु ई) मं.सा.प्र./ईपीएस/52/2024
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक-पश्चिम मध्य रेल भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये/जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in पर ई निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
**Sr. No.:** 1, **Tender No.;** 94235695, **Short Description:** Overhead 15 Ton EOT Crane, **Tendered Qty.:** 1 Nos., **Opening date:** 13.05.2024,
**Sr. No.:** 2, **Tender No.;** 94235675, **Short Description:** Overhead 10 Ton EOT Crane, **Tendered Qty.:** 1 Nos., **Opening date:** 14.05.2024
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# दुबई में बाढ़ के बाद दूसरी आफत, महंगाई ने रुलाया, होटलों का किराया लाखों में

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण दुबई में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में अधिकतर लोग घर की बजाय होटल में रह रहे हैं। कुछ दिनों से होटल की डिमांड बढ़ाने के कारण होटलों के एक दिन का किराया आसमान छू रहा है। होटलों में एक दिन का किराया 1 हजार दिरहम से 8 हजार दिरहम के बीच वसूला जा रहा है। यानी भारतीय रुपए के लिहाज से एक दिन के लिए होटल का किराया 22 हजार से लगभग दो लाख रुपए हो गया है।

**भारतीयों को दूसरी एडवाइजरी : गैर जरूरी यात्रा न करें**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की बाढ़ में फंसे भारतीयों नागरिकों के लिए भारतीय दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी की गई है। दुबई में जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक नागरिकों को गैर-जरूरी यात्राएं करने से बचने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। इस बीच हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि यात्री उड़ानों की प्रस्थान तिथि और समय के संबंध में संबंधित एयरलाइन से पुष्ट सूचना मिलने के बाद ही हवाई अड्डे से यात्रा कर सकते हैं।




**पर्यटकों की बड़ी मुश्किलें**

हालांकि, शहर भर में बचाव और सफाई के प्रयास जारी रही है। फिर भी बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने के लिए उन्हें होटल में जाना पड़ रहा है। बाढ़ की वजह से वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। होटल का किराया बढ़ने की वजह से पर्यटकों के बजट पर भी काफी असर पड़ रहा है। आयरलैंड से आए एक पर्यटक ने कहा कि यह एक डरावनी स्थिति है। लेकिन मुझे लगता है कि व्यवसाय के लिए लोगों की मुश्किलों से लाभ कमाने का प्रयास करना अनैतिक है। अन्यथा यह काफी नैतिक शहर है जिसे कुछ व्यवसायियों की वजह से बदनाम होना पड़ रहा है।


एक आतंकी ने विस्फोट कर खुद को उड़ाया

# पाकिस्तान में अब निशाने पर आए जापानी, हमले में 2 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में एक बार फिर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। कराची के मानसेहरा कॉलोनी में एक वाहन पर आत्मघाती हमला किया गया है। इस वाहन में कुल 7 जापानी लोग सवार थे जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में ड्राइवर और सिक्यूरिटी गार्ड की मौत हो गई है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दो हमलावरों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद जापानी नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे।

**पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 हमलावर ढेर**



**खुद को उड़ाया**

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब पहुंचने के क्रम में विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। बांकी सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं।

**पहले चीनी नागरिकों को बनाया था निशाना**

पाकिस्तान में इससे पहले चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अप्रैल 2022 में कराची में एक बस पर आतंकी हमला किया हया था। इस हमले में तीन चीनी शिक्षकों समेत एक ड्राइवर की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी। इससे पहले अगस्त 2021 में भी ग्वादर में चीनी नागरिकों को शिकार बनाया गया था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हुई थी।

भारत-फिलीपींस के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हुआ था करार

# भारत से फिलीपींस पहुंची 'ब्रह्मोस' की पहली खेप, चीन की बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। भारत इसमें एक्सपोर्ट कर रहा है। वहीं अब भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित है। फिलीपींस ने भारत से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलिपींस को भेज दी है।

दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार भी हुआ था। 2 साल पहले यह करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है। इंडियन एयर फोर्स के एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना किया गया, जहां वहां इसे उसकी नौसेना को सौंपेगा।

*2 साल पहले भारत-फिलीपींस के बीच करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है।*


- भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित
- ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना
- दूसरे देशों को रक्षा साधन एक्सपोर्ट करने में भारत हुआ सक्षम
- रक्षा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम

**जनवरी 2022 में हुई थी डील**

भारत और फिलीपींस के बीच यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत रक्षा क्षेत्र में एक बड़े निर्यातक के तौर पर उभरा है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला एक्सपोर्ट ऑर्डर है। भारत ने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 32.5% बढ़ा है।

**फिलीपींस और चीन के बीच तनाव**

*फिलीपींस और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़प हो रही है। उसके कारण ब्रह्मोस की डिलीवरी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।*





**85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है भारत**

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत लगभग 85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है और इसमें लगभग 100 स्थानीय कंपनियां शामिल हैं। मिसाइलें, तोपें, रॉकेट, बख्तरबंद वाहन, सुरक्षा गियर, रडार, निगरानी प्रणाली और गोला-बारूद का निर्यात भारत कर रहा है।*

अमेरिका को बनाया अपना नया घर

# प्रिंस हैरी ने आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन को कह दिया 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

प्रिंस हैरी ने ब्रिटिश शाही परिवार से अलगाव की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को अपना नया घर घोषित किया है। पेज सिक्स द्वारा प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, ड्यूक ऑफ ससेक्स ने अमेरिका को अपने नए निवास के रूप में सूचीबद्ध किया है। निवास में यह बदलाव 29 जून, 2023 को हुआ। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने ब्रिटेन स्थित अपने आवास फ्रॉगमोर कॉटेज को छोड़ दिया था।



**सुरक्षा को लेकर थे चिंतित**

*ऐसी अटकलें हैं कि वह लंदन की आगामी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर स्थिति साफ कर सकते हैं। उन्होंने ब्रिटेन को अपना घर स्वीकार किया है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अमेरिका जाने की बात कही है। उन्होंने अमेरिकी नागरिकता लेने में रुचि दिखाई है।*

## मिलते-मिलते गई फिलिस्तीन की यूएन में स्थाई सदस्यता



**वॉशिंगटन**। फिलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करके खेल बिगाड़ दिया है। इससे फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बनने से वंचित रह गया। वीटो पॉवर करने की इजराइल ने सराहना की। वहीं फिलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। बता दें कि सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व सैनिकों को रूस भेजने वाला पूर्व मेजर गिरफ्तार



**कोलंबो**। पुलिस ने श्रीलंकाई सेना के सेवानिवृत्त मेजर और एक नागरिक को 100 से अधिक पूर्व सैनिकों को रूस भेजने के मामले में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध में श्रीलंकाई सेना के पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में सेवा देने के लिए भेजा गया है। भारत से भी ऐसे कई युवकों को धोखे से रूस की सेना में भर्ती किया गया। श्रीलंका के 100 से ज्यादा पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से लड़ रहे हैं।

## स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबकर मौत



**लंदन**। ब्रिटेन के डंडी विवि में पढ़ रहे भारत के दो छात्र स्कॉटलैंड के एक झरना घूमने गए थे, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। स्कॉटलैंड पुलिस के मुताबिक यह दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए।

## यूक्रेन का दावा- रूस का बॉम्बर मार गिराया



*कीव। यूक्रेन ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने रूस के स्ट्रेटेजिक बॉम्बर को मार गिराया, लेकिन मॉस्को ने इससे इनकार किया है। मॉस्को के अधिकारियों का कहना है कि टीयू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर विमान एक मिशन के बाद आई खराबी की वजह से कम आबादी वाले इलाके में क्रैश हो गया। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध छिड़ा हुआ है।*

राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में केन्या के रक्षा प्रमुख सहित 9 की मौत

एजेंसी ▶▶ नैरोबी



केन्या के रक्षा प्रमुख फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की गुरुवार को हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। उनके साथ हेलीकॉप्टर पर सवार 9 और लोगों की भी जान चली गई। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा कि केन्या के रक्षा प्रमुख और 9 अन्य शीर्ष अधिकारियों की गुरुवार को देश के एक दूरदराज के इलाके में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इसके लिए एक जांच टीम गठित की गई है और उन्हें एल्गेयो माराकवेट काउंटी में दुर्घटना स्थल पर भेजा गया है। उन्होंने देश में 3 दिन राष्ट्रीय शोक मनाने के आदेश दिए हैं।

**ओगोला प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे:** बता दें कि 61 वर्षीय ओगोला एक प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे। वह केवल एक वर्ष के लिए इस पद पर थे, लेकिन जल्द ही उनके सैन्य सेवा के 40 वर्ष पूरे होने वाले थे।

नासा के खुलासे से दुनिया भर में हड़कंप

## जल-थल-नभ में ही नहीं अंतरिक्ष में भी तैनात हैं चीन के गुप्त सैनिक



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चीन को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बारे में जानकर दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने दावा किया है कि चीन ने अंतरिक्ष में अपने गुप्त सैनिकों की तैनाती कर रखी है। यानि यह चीन की स्पेस मिलिट्री है।

**स्पेस मिलिट्री की ताकत बढ़ाने में लगा**

नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने अमेरिकी सांसदों को बताया है कि चीन अंतरिक्ष में सैन्य उपस्थिति है। चीन अपने नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों का इस्तेमाल सैन्य कार्यक्रमों को छिपाने के लिए कर रहा है। इसके साथ ही चीन चंद्रमा के संसाधनों पर अपना दावा जता सकता है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि चीन ने विशेष रूप से पिछले 10 वर्षों में असाधारण प्रगति की है, लेकिन वे बहुत ही गोपनीय हैं।

1999 में हुआ था कारगिल युद्ध, पूर्व कर्नल हुसैन का दावा: कारगिल में घुसपैठ बड़ी विफलता थी

# 'कारगिल युद्ध पाक की बड़ी भूल', हार के लिए पूर्व सैन्य अफसरों ने जताया मलाल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अफसरों ने भारत व पाकिस्तान के बीच 1999 में हुए कारगिल युद्ध को अपने देश की एक रणनीतिक भूल करार दिया है। जिसे इसके साजिशकर्ता और पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह दिवंगत जनरल परवेज मुशर्रफ ने सफलता की कहानी के रूप में सराहा था।

पूर्व कर्नल अशफाक हुसैन कहते हैं कि कारगिल में घुसपैठ एक बड़ी भूल और विफलता थी। यह पाक के लिए आपदा साबित हुई। इसने भारत व पाक के बीच लाहौर शिखर सम्मेलन समझौते का भी उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। यहां तक कि उसने अपने सैनिकों के शवों को भी स्वीकार नहीं किया। बाद में इन शवों को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दफनाया गया, जो पाकिस्तानी सेना के लिए अत्यंत अपमानजनक था।



**जानते हुए भी अनजान बने रहे नवाज**

1999 में पाक सेना ने भारतीय सैनिकों से पहले ही कारगिल, द्रास और बटालिक की रणनीतिक दृष्टि से चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने अपनी चौकियों को पाने 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया। पाक सैन्य अफसरों को उम्मीद थी कि कारगिल की ऊंची चोटियों पर उसके कब्जे से भारतीय सेना सियाचिन से हट जाएगी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय स्थिति को सामान्य करने के लिए हस्तक्षेप करेगा।

**कुछ लोगों ने रची थी साजिश**

*साजिशकर्ताओं का मानना था कि यह ऑपरेशन भारत को पीछे हटने और इस्लामाबाद की शर्तों पर कश्मीर विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर करेगा। एक तरफ पाक को अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ा और दूसरी तरफ चीन ने इस्लामाबाद के मन मुताबिक सहयोग नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन नहीं मिला। उस समय, जनरल मुशर्रफ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी टीम में लेफ्टिनेंट जनरल अजीज खान, कमांडर 10 कोर लेफ्टिनेंट जनरल महमूद अहमद और उत्तरी क्षेत्र मेजर जनरल जावेद हसन शामिल थे।*

**तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को थी पूरी जानकारी**

तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इसकी जानकारी थी, लेकिन इसके परिणाम का उन्हें अंदाजा नहीं था। शरीफ का विचार रहा होगा कि यदि ऑपरेशन सही चलता है, तो वह कश्मीर के विजेता के रूप में इसे स्वीकार लेंगे। लेकिन योजना पर उनकी सीमित जानकारी और भारत की जवाबी आक्रामक रणनीति का सही आकलन नहीं होने के कारण शरीफ ने घटनाक्रम से अनजान बने रहना पसंद किया। पूर्व कर्नल अशफाक हुसैन कहते हैं, कारगिल ऑपरेशन 1971 के आत्मसमर्पण से भी कहीं बड़ी भूल थी।

**गिने चुने कुछ वरिष्ठ सैन्य अफसरों ने लिया था निर्णय**

मई-जुलाई 1999 के दौरान हुआ कारगिल युद्ध पाक के कुछ वरिष्ठ सैन्य अफसरों का निर्णय था। इन अधिकारियों ने तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को पूरी तरह से विश्वास में नहीं लिया था। ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य कश्मीर और लद्दाख के बीच संपर्क काटना, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 को बाधित करना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से पीछे हटने को मजबूर करना था।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी पत्नी गीता शर्मा के साथ जयपुर के जगतपुरा स्थित नवोदय गर्ल्स टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बने बूथ पर मतदान किया।



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जनानी ड्योढ़ी स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल में बने मतदान केंद्र में वोट दिया।



जयपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने सुभाष नगर में बूथ के बाहर कार्यकर्ताओं के साथ दोपहर का खाना खाया।



कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ अपनी पत्नी डॉ. गायत्री राठौड़ के साथ वैशाली नगर के टैगोर पब्लिक स्कूल पहुंचे और वोट दिया।

# दौसा में 55.57 प्रतिशत मतदानः ग्रामीण क्षेत्रों के पोलिंग बूथ पर सन्नाटा; किरोड़ीलाल मीणा ने निकाली वोट बारात

राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** दौसा लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। दौसा लोकसभा क्षेत्र में कुल 55.57 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां दौसा में 49.39, बस्सी 51.78, चाकसू 47.36, बांदीकुई 47.75, सिकराय 45.33, महुवा 43.65, लालसोट 39.42, थानागाजी में 44.10 प्रतिशत मतदान किया गया। दोपहर 3 बजे तक 38.36 प्रतिशत मतदान हुआ। दौसा में 41.41 प्रतिशत, बस्सी 43.41, चाकसू 39.97, बांदीकुई 41.12, सिकराय 37.85, महुवा 35.86, लालसोट में 32.77 प्रतिशत और थानागाजी में 34.90 प्रतिशत मतदान हुआ है। इससे पहले 1 बजे तक 31.29 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी थी। बांदीकुई 34.21 प्रतिशत, बस्सी 34.96 प्रतिशत, चाकसू 34.21 प्रतिशत, दौसा 33.08 प्रतिशत, लालसोट 25.50



प्रतिशत, महुवा 29.56 प्रतिशत, सिकराय 30.65 प्रतिशत और थानागाजी में 28.63 प्रतिशत वोटिंग हुई।

इससे पहले सुबह 11 बजे तक 20.88 प्रतिशत वोटिंग हुई। क्षेत्र के बांदीकुई में 23.02 प्रतिशत, बस्सी 24.10 प्रतिशत, चाकसू 23.58 प्रतिशत, दौसा 20.48 प्रतिशत, लालसोट 16.20 प्रतिशत, महुवा 20.17 प्रतिशत, सिकराय 20.04 प्रतिशत और थानागाजी में 19.51 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 9 बजे तक 9.70 प्रतिशत वोटिंग हुई। बांदीकुई 11.45 प्रतिशत, बस्सी 11.75 प्रतिशत, चाकसू 11.97 प्रतिशत, दौसा 8.30 प्रतिशत, लालसोट 7.11 प्रतिशत, महुवा 9.08 प्रतिशत, सिकराय 8.96 प्रतिशत और थानागाजी में 9.40 प्रतिशत मतदान हुआ।

सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ने वोट डालकर फोटो खिंचाई। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर वोटर्स की कतारें नजर आई। वोटिंग को लेकर लोगों में उत्साह है। दौसा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस, भाजपा, बसपा व 2 निर्दलीय समेत 5 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां भाजपा उम्मीदवार कन्हैयालाल मीणा व कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा के बीच सीधा मुकाबला है और कड़ी टक्कर है। लोकसभा चुनाव में दौसा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र, अलवर जिले की थानागाजी एवं जयपुर जिले की चाकसू व बस्सी विधानसभा क्षेत्र के लोग वोटिंग कर रहे हैं।

दौसा लोकसभा क्षेत्र में पिछले 10 साल से बीजेपी का दबदबा है। यहां साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के हरीश मीणा ने निर्दलीय डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को शिकस्त देकर जीत हासिल की थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जसकौर मीणा ने कांग्रेस की सविता मीणा को हराया था। ऐसे में बीजेपी हैट्रिक बनाने का दावा कर रही है। कांग्रेस को भी दौसा सीट से उम्मीद बंधी हुई है। इन आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 19 लाख 3 हजार 520 वोटर हैं। जिनमें 10 लाख 7 हजार 203 पुरुष, 8 लाख 96 हजार 313 महिला व 4 वोटर थर्ड जेंडर हैं। लोकसभा क्षेत्र में कुल 1965 मतदान केंद्र हैं, जिनमें ग्रामीण मतदान केंद्र 1735 तथा शहरी मतदान केंद्र 230 हैं।

# किसान आंदोलन का असरः रेल यातायात प्रभावित, कई ट्रेन रद्द, कुछ के मार्ग परिवर्तित

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** उत्तर रेलवे के अम्बाला मण्डल पर किसान आंदोलन के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त आंदोलन के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगीः-

## रद्द रेलसेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

गाडी संख्या 14816, ऋषिकेश-श्रीगंगानगर रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को रद्द रहेगी।

गाडी संख्या 14815, श्रीगंगानगर-ऋषिकेश रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को रद्द रहेगी।

आंशिक रेल सेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

गाडी संख्या 14888, बाड़मेर-ऋषिकेश रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी।

गाडी संख्या 1488, ऋषिकेश-बाड़मेर रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को ऋषिकेश से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी।

गाडी संख्या 14526, श्रीगंगानगर-अंबाला रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी।

गाडी संख्या 14525, अंबाला-श्रीगंगानगर रेलसेवा



दिनांक 20.04.24 को अंबाला से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी

गाडी संख्या 14535, श्रीगंगानगर-अंबाला रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी।

गाडी संख्या 14536, अंबाला-श्रीगंगानगर रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को अंबाला से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी।

गाडी संख्या 14661, बाड़मेर-जम्मू तवी रेलसेवा दिनांक 20.04.24 को बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली दिल्ली तक संचालित की जाएगी

मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

गाड़ी संख्या 12413, अजमेर-जम्मू तवी रेल सेवा दिनांक 19.04.24 को अजमेर से प्रस्थान करने वाली परिवर्तित मार्ग वाया जाखल-धूरी-लुधियाना होकर संचालित की जा रही है।

गाड़ी संख्या 12414, जम्मू तवी-अजमेर रेल सेवा दिनांक 19.04.24 को जम्मू तवी से प्रस्थान करने वाली परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-धूरी-जाखल होकर संचालित की जा रही है।

# दबलाना पीएचसी का ब्लॉक सीएमएचओ ने औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** हिंडोली ब्लॉक सीएमएचओ डॉक्टर राकेश मंडोवरा ने स्थानीय पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। मंडोवरा ने पीएचसी के प्रत्येक कक्ष में घूम करके सफाई व पेयजल व्यवस्था देखी । उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार कर्मचारियों की उपस्थिति को जांचा। दवा स्टोर रुम में जाकर के स्टॉक रजिस्टर के अनुसार बारीकी से दवाइयां की उपलब्धता को देखकर के मौके पर मौजूद इंचार्ज से कहा कि सरकार की ओर से भेजे जाने वाली किसी भी प्रकार की सप्लाई की कमी होने पर अविलंब डिमांड भेजें। ताकि समय पर सप्लाई मिलने से लोगों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और समय पर दवा मिल जाने से स्वास्थ्य लाभ मिल सके। मौसमी बीमारियों पर चर्चा करते हुए बीसीएमएचओ ने पीएचसी प्रभारी डॉक्टर गणेश लाल लोधा को निर्देशित किया कि इन दिनों दस्त के साथ ही एकाएक गर्मी में तेजी आने से मौसम के बदलाव से पानी की कमी से चक्कर आने जैसी स्थिति होने लग गई है। मौसमी या अन्य कोई भी बीमारी हो उसके उपचार के साथ ही बचाव के लिए सावधानियां बरतने की भी जानकारी अवश्य दें। इस दौरान पीएचसी स्टाफ भी मौजूद रहा।

## नागौर में वोटिंग के बीच भाजपा प्रत्याशी के गांव में क्यों हुई झड़प?

# पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करते दिखे रिछपाल मिर्धाष्ट

राजस्थान की राजनीति

**नागौर।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शुक्रवार को हुई. पहले चरण में देश की कुल 102 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ. बात राजस्थान की करें तो प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ. प्रशासनिक दावे के अनुसार छिटपुट झड़प के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. लेकिन राजस्थान में पहले चरण की वोटिंग के दौरान नागौर में हुई घटना ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. नागौर में भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा के गांव कुचेरा में दो पक्षों में मारपीट हुई. यहां ज्योति मिर्धा और हनुमान बेनीवाल के समर्थकों में बहस के बाद जमकर मारपीट हुई. जिसका वीडियो भी सामने आया है.

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए तेजपाल मिर्धा चोटिल

इस मारपीट में हाल ही में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए कुचेरा नगर पालिका के अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा चोटिल हो गए. उनके सिर और आंख के पास चोट लगी. को पोलिंग बूथ पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया जिससे तेजपाल मिर्धा को सर व आंख के पास चोट लगी. तेजपाल मिर्धा पर हुए हमले के बाद उनके समर्थक और हनुमान बेनीवाल के समर्थक आपस में भिड़ गए इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों ही पक्षों को अलग किया ,वही कुचेरा नगर पालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा को प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया.

### नागौर में वोटिंग के बीच क्यों हुआ बवाल

दरअसल नागौर में लोकसभा चुनाव के मतदान के



बीच इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समर्थक और कांग्रेस से निष्कासित कार्यकर्ता आपस में मतदान की बात को लेकर उलझ गए. जिस पर वहां पर मौजूद कांग्रेस से निष्कासित वर्तमान कुचेरा नगर पालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा जो वहां पर मौजूद थे. उन पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया.

### तेजपाल मिर्धा के सिर और आंख के पास लगी चोट

तेजपाल मिर्धा के सिर और आँख के पास चोट लग गई. जिससे वह लहलुहान हो गए. वही जैसे ही प्रशासन को झगड़े की सूचना मिली तो तुरंत ही मौके पर क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची. और दोनों ही पक्षो को अलग किया. और एतिहायतन वहां पर सुरक्षा बल लगाया.

### हनुमान बेनीवाल के भाई भी पहुंचे, तेजपाल मिर्धा ने दर्ज कराई शिकायत

वहीं इस मामले की सूचना मिलने पर आरएलपी सुप्रीमो के भाई नारायण बेनीवाल भी मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली. कांग्रेस से निष्कासित कुचेरा नगर पालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा ने कुचेरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है. इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिए.

### वीडियो में शामिल लोगों पर कार्रवाई करेगी पुलिस

वहीं कुचेरा थाना अधिकारी ने बताया कि दोपहर में मतदान की बात को लेकर कुचेरा नगर पालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा और अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच में झगड़ा हुआ था जिसमें तेजपाल मिर्धा को चोट आई थी और उनकी रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया है. अब आसपास के कैमरे के आधार पर जो भी लोग झगड़े में शामिल थे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी. दूसरी ओर लोकसभा क्षेत्र नागौर के कुचेरा नगरपालिका में दो दलों के भिड़ंत की खबरें प्रसारित होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार पुरोहित ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी खींवसर से तथ्यात्मक जानकारी ली. एआरओ खींवसर ने बताया कि एरिया मजिस्ट्रेट,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर एवं वृताधिकारी मुंडवा मौक पर पहुंचें. उन्होंने बताया कि कुचेरा नगरपालिका में स्थित 14 बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान जारी है. दो गुटों की आपसी झड़पें बाजार में हुई जिसे पर पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रहीं हैं.


### पुलिस वाले को धक्का देते नजर आए रिछपाल मिर्धा

इधर इस घटना से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है. जिसमें भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा के चाचा रिछपाल मिर्धा एक पुलिस अधिकारी को धक्का देते नजर आ रहे हैं. यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में रिछपाल मिर्धा कुचेरा थाना अधिकारी मुकेश कुचेरा को धक्का देते हुए घटनास्थल से हटाते नजर आ रहे हैं.

## श्रीगंगानगर में तेज बारिश, ओले गिरे

# जयपुर समेत 13 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट; कोटा में कल सीजन का सबसे गर्म दिन रहा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में शुक्रवार शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई और ओले भी गिरे। राजस्थान के 13 जिलों में आज (शुक्रवार) भी आंधी-बारिश होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार, आज अजमेर, अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों में भी 40कीमी स्पीड तक तेज हवा चलने के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे पहले गुरुवार को गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर के अलावा सीकर, जयपुर समेत कई जिलों में भी धूलभरी आंधी चली और हल्की बारिश हुई। कोटा में गुरुवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गुरुवार देर रात गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में अच्छी बारिश हुई। इससे पहले शाम को इन जिलों में तेज धूलभरी आंधी चली। दिन में तेज गर्मी रही और तापमान करीब 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल एक्टिव हुआ था, उसका प्रभाव आज भी पूर्वी और उत्तरी राजस्थान के जिलों में रहेगा। स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, कल हनुमानगढ़ के संगरिया इलाके में 5ळ्ळ बरसात हुई। इसके अलावा गंगानगर, फलोदी, पिलानी, बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर में भी कल बारिश हुई।

### बाड़मेर-जैसलमेर से ज्यादा रही जयपुर में गर्मी

जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर समेत कई शहरों से भी ज्यादा रहा। जयपुर में गुरुवार को दिन में तेज गर्मी रही, लेकिन शाम होने के साथ ही आंधी चलनी शुरू हो गई। आसमान में बादल छा गए। रात करीब 8 बजे धूलभरी आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई।

## लोकसभा चुनाव की वोटिंग, 5500 जवानों का पहरा

# कड़े सुरक्षा बंदोबस्त, पैरामिलिट्री-स्टेट फोर्स की 30 कंपनियां तैनात

राजस्थान की राजनीति



**दौसा।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए दौसा लोकसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसे लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। एसपी रंजीता शर्मा मॉनिटरिंग कर रही हैं।

जिले में लोकसभा चुनाव निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए 5 हजार 500 से ज्यादा फोर्स तैनात रहेगी।

एसपी में बताया- क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए पोलिंग बूथ व श्वङ्करू की सुरक्षा के लिए पैरा-मिलिट्री व स्टेट फोर्स की 30 कंपनियां तैनात की गई हैं। इसके अलावा मोबाइल पार्टी, क्विक रिएक्शन टीम, पुलिस सीनियर सुपरवाइजर अधिकारी व जिले भर के थाना इंचार्ज व उनकी टीम अलर्ट मोड पर रहेंगी।

चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंच उसका वैरिफिकेशन करेगी और शिकायत के समाधान पर एक्शन लेगी। पोलिंग बूथ पर सुरक्षा के लिहाज से पैरा-मिलिट्री फोर्स के हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे, साथ ही राज्य पुलिस के दल भी तैनात रहेंगे।

### भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील

एसपी ने कहा-दौसा जिले में निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्भीक तरीके से चुनाव संपन्न करने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। मतदाताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा- स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने व भयमुक्त माहौल बनाने के लिए आचार संहिता लगने के बाद से एरिया डोमिनेशन एक्सरसाइज व फ्लैग मार्च किए गए।

इसके साथ ही मतदान को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान जब्ती की कार्रवाई की गई। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर अंकुश लगाने के लिए भी जाप्ते की तैनाती की गई है। एसपी ने लोगों से संवाद करते हुए उनसे मतदान की अपील की है।

# राजस्थान के इन 10 बूथों पर नहीं हुआ मतदान, समझाने पहुंचे विधायक से ग्रामीणों ने पूछा- 'अबतक कहां थे'

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में आज लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान हो रहा है. प्रदेश की 12 सीटों पर हो रहे मतादान में जहां प्रदेशभर में लोग उत्साहित होकर मतदान कर रहे हैं. वहीं कुछ ऐसी भी जगहे हैं जहां पर लोग मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं. ऐसी ही खबर झुंझुनूं जिले से सामने निकलकर आई हैं. जहां पिलानी के समीप हमीनपुर समेत सात गांवों मतदाताओं ने 10 बूथों पर मतदान का बहिष्कार कर दिया है. मतदाताओं के समझाइश करने के लिए



प्रशासनिक अधिकारी हमीनपुर गांव पहुंचे. लेकिन उनके बात का लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा और ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहें.

### विधायक को सुनाई खरी खोटी

जब अधिकारी समझाइश कर रहे थे. उसी वक्त वार्ता में पिलानी विधायक पितराम काला पहुंच गए. जिसके बाद अधिकारी तो चले गए. लेकिन पिलानी विधायक पितराम काला ने समझाइश की कोशिश की. यहां पर ग्रामीणों ने पिलानी विधायक को खरी खोटी सुनाई और कहा कि अब तक आप कहां थे.

### क्या है ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि आज पांच–छह बार अधिकारी आ चुके हैं. लेकिन हमें यमुना जल चाहिए या फिर बारिश का पानी इकट्ठा करने के लिए कुंड की स्वीकृति चाहिए. जब तक मांग नहीं मानी जाएगी. वोट नहीं डाले जाएंगे. इधर ग्रामीणों ने बताया कि गांव के वे लोग, जो बाहर रहते हैं. उन्होंने भी गांव के आंदोलन के समर्थन में अपनी जगहों पर मतदान का बहिष्कार कर रखा है.

### इन अधिकोरियों ने की समझाइश

चुनावों के लिए पिलानी और सूरजगढ़ विधानसभा के प्रभारी सीनियर आरएएस अम्बालाल मीणा, सूरजगढ़ एसडीएम दयानंद रूयल और पिलानी बीडीओ सुनिल ढाका समेत अन्य अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की. लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindus-tanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।